

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शनिवार 30 मार्च 2024 ■ चैत्र कृष्ण पक्ष-5 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-001 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 31 मार्च 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संघर्ष पथ

**प्रकाश शर्मा**

हाँ, मैं तरुण छत्तीसगढ़ हूं। 39 वर्ष का हो गया हूं। उम्र से जवानी की दहलीज पार कर गया हूं लेकिन दिल से अभी भी तरुण ही हूं। यानी हर रोज हर शाम तरोताजा। अंग्रेजी माह के अनुसार मैं आज ही के दिन पैदा हुआ था। ऐसा मेरे पालक बताते हैं। वैसे तो मेरी परवरिश कई हाथों ने की है किंतु आखिर में सहारा और आसरा एक जिद्दी शख्सियत के हाथों ने दिया। आज भी वे हाथ मेरे सिर की छाया बने हुए हैं। वैसे तो समाचार पत्र की दुनिया में मैं पहचान का मोहताज नहीं हूं फिर भी बहुत से लोग मेरे तेवर से आज भी अंजान है। तेवर की तपन उन तक पहुंची जो नहीं है। खैर, आज जब मेरा स्थापना दिवस है तो मुझे गुजरे दिनों की ढेर सारी यादें सताने लगी है।

आज यादों की तमाम खिड़कियां खुल गई है। संघर्षों की आग में तपकर मैं कुंदन तो हो गया हूं मगर, बाजार में सोने का पानी चढ़ा बनावटी (आर्टिफिशियल) गहनों की मांग ज्यादा है। जर्जर दरों-दीवारों वाले मकान से मेरा सफर उत्साह से शुरू तो हुआ किंतु वक्त बीतते मुझे पैदा करने वाले लक्ष्मी पुत्रों को लगने लगा कि यह तो घाटे का सौदा है। तरुण छत्तीसगढ़ नामक यह सांध्य दैनिक अखबार हर शाम पैसा तो खाता है परंतु वापस कुछ देता नहीं है। लिहाजा मुझे लावारिस छोड़ने की तकलीफदेह योजना बनाई जाने लगी थी। एक समाचार पत्र का यूं ही अंत हो जाए, जीते जी किसी का गला घोट दिया जाए यह बात एक सरस्वती पुत्र को नागवार गुजरी। लक्ष्मी पुत्रों ने मेरा सौदा किया और सरस्वती पुत्र ने अपनी भार्या के तमाम आभूषण बेचकर मुझे अपनी बाहों का सहारा दे दिया। मैं खुश तो था कि मेरा अस्तित्व बच गया पर मन भी बोझिल था कि बेचने के लिए शरीर से गहने उतारकर देना उस देवी के लिए कितना कठिन फैसला रहा होगा। मुझे जिन्दा रखने के लिए महिलाओं की सबसे प्रिय वस्तु स्वर्ण आभूषणों की बलि! जबकि इस बात का संदेह था कि मुझ पर धन लगाने से निश्चित रूप से फायदा होगा। आखिरकार संदेह सच में बदल ही गया। क्या करें, सरस्वती पुत्र तो शब्दों के भक्त थे न। न जाने कैसे ठनठन गोपाल अपने पाठकों की खातिर साहित्य की सेवा करते रहे। इसी दौर में न जाने कितने ही लोग तरुण छत्तीसगढ़ के साए में पत्रकारिता सीखी, नाम कमाया और फिर तरुण छत्तीसगढ़ की टेबल कुर्सी छोड़कर बड़े बैनर के वातानुकूलित दफ्तर में जा जमें। मैं यानी तरुण छत्तीसगढ़ पर्वत की तरह जहां का तहां जमा रहा और लोग मेरी बाहों से निकलकर नदी की धार बन गए। मैं बड़ा दुखी था। मेरे पालनकर्ता को मुझसे लगातार नुकसान होने लगा। नुकसान ऐसा कि जिसकी भरपाई की उम्मीद तो दूर-दूर तक कहीं से भी नजर नहीं आ रही थी। आय का कोई दूसरा साधन था नहीं। पीत पत्रकारिता न खून में था और न ही ऐसा संस्कार था। मुझे पालने वाले के सामने अत्यंत कठिन समस्या थी और समाधान भी नहीं था। मध्यप्रदेश सरकार फिर बाद में नई नवेली अपनी छत्तीसगढ़ सरकार से भी यथोचित आर्थिक सहयोग नहीं मिल रहा था। अविभाजित मप्र के समय तो कर्मचारियों को हर माह वेतन देने के लाले पड़ जाते थे। किंतु मेरे पालनहार का यह 'कौशल' ही था कि मेरी कागज और स्याही की खुराक की कभी कमी नहीं होने दी एवं मशीन के पहिए, रोलर कभी थमे नहीं। दुखद यह रहा कि घोर अर्थाभाव ने मेरे मालिक को उधार का रोग दे दिया। कर्मचारियों को वेतन देने की इच्छा और एक समय बाद कागज, स्याही आदि का बिल पटाने के स्वाभिमान ने कर्ज लेने को मजबूर कर दिया। नीयत अच्छी हो तो नियति भी साथ देता है। तभी तो कर्ज के रूप में समय-समय पर मदद मिली और समय पर कर्ज लौटाए गए तो कर्जदारों द्वारा वसूली के लिए चक्कर लगाने से बचे रहे। मुझे आज भी याद है जब बाबूजी जब कभी दफ्तर (प्रेस) आते तो मेरे पालक से मुझे (तरुण छत्तीसगढ़) लेकर जरूर नाराज होते थे। मैं बेजुबान उनकी डांट तो सुनता ही था मेरे पालक भी चुपचाप सुनते रहते। मुझे यह भी याद है कि बाबूजी समय-समय पर आर्थिक मदद किया करते थे। आखिर पिता थे। फांकेमस्ती का यह दौर लंबा चला। प्रेस की जमीन के लिए भी लंबी लड़ाई लड़ी गई। आमरण अनशन तक किया गया। कहते हैं न ईमानदारी से किया गया प्रयास कभी निष्फल नहीं जाता है। संघर्ष की जमीन पर सपनों के साकार होने का वक्त आ गया था। पत्रकारिता की सेवा के लिए जमीन मिली और न जाने कैसे दो मंजिला प्रेस का दफ्तर भी बन गया। मैं तो इसे चमत्कार और अपने करतार की मेहनत ही मानता हूं। इन सबमें उन्होंने न तो अपने स्वाभिमान को मरने दिया और न ही दामन में कोई दाग लगा। तभी तो यह आज भी आम आदमी का अखबार बना हुआ है। तरुण छत्तीसगढ़ को यानी मुझे शानदार छत मिली अत्याधुनिक मशीन और रंगीन छपाई प्राप्त हुई। रंगीन हर्फों से मेरे सफेद दामन का श्रृंगार हो गया। आज मैं और मुझे रोज सजाने-संवारने वाले भी गर्वित हैं। अक्सर मुझे लगता है कि हम सब दफ्तर के कामगार नहीं बल्कि परिवार के सदस्य हैं। और परिवार का मुखिया और मेरे पालनकर्ता, सरस्वती पुत्र कौन हैं? जी हां कौशल किशोर मिश्र, प्रधान संपादक।

30 मार्च वर्ष 1985 को मेरा यानी तरुण छत्तीसगढ़ का अनावरण हुआ था उस दिन रामनवमीं का पर्व था। राम की मर्यादा के पथ पर चलते हुए आज मैं 39 वर्ष का हो गया हूं। एक बात तो साफ है कि सब्र का फल मीठा तो होता है किंतु फल में मिठास लाने सब्र को आग के दरिया से भी गुजरना पड़ता है। संघर्ष की संकीर्ण व अंधेरी गलियों से होते हुए आज भी मैं आपके हाथों में हूं। रामनवमीं पर फिर कुछ बात करेंगे।

**स्थापना दिवस की शुभकामनाएं...**

### बधाई ... बधाई

आप का अपना तरुण छत्तीसगढ़ आप सभी के स्नेहिल संबल व प्यार दुलार की पूंजी के सहारे 39 बरस की यात्रा कर पाने में सफल हो सका है। शनिवार 30 मार्च 1985 को पहले अंक के प्रकाशन के साथ यात्रा शुरू हुई जो अनवरत जारी है। चौथे दशक के अंतिम वर्ष में प्रवेश के अवसर पर आप सभी का हृदय से आभार। हम आश्वस्त हैं कि आने वाले वर्षों में भी आप सभी का सहयोग हमें मिलता रहेगा। अभी तक की उपलब्धि के लिए पुनः बधाई।

**कौशल किशोर मिश्र**

# महादेव एप, कोयला और शराब घोटाले की जांच तेज

## एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीम आरोपियों से पूछताछ के लिए फिर पहुंची जेल

**रायपुर,30 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**



महादेव सट्टा एप्प, कोयला और शराब घोटाले में आरोपियों से पुछताछ के लिए एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीम आज दूसरे दिन भी पूछताछ के लिए जेल पहुंची। इससे पहले विशेष कोर्ट से अनुमति मिलने के बाद शुक्रवार सुबह 10 बजे एसीबी और ईओडब्ल्य की छह सदस्यीय टीम रायपुर सेंट्रल जेल में पहुंची। यहां करीब 10 घंटे तक शराब और कोल घोटाले के साथ ही महादेव एप सट्टेबाजी केस में बंद आरोपितों से पूछताछ कर अधिकारियों ने उनके बयान दर्ज किए। रात आठ बजे जेल से बाहर निकले अधिकारियों ने आरोपितों से किन-किन बिंदुओं पर पूछताछ की गई, इसकी अधिकृत तौर पर कोई जानकारी नहीं दी. रायपुर सेंट्रल जेल में लंबे समय से महादेव एप सट्टेबाजी, कोयला घोटाला और शराब घोटाले केस से जुड़े दो दर्जन से अधिक आरोपित बंद हैं। ईडी की स्पेशल कोर्ट में एसीबी की ओर से तीन आवेदन पेश किए गए थे। आवेदन में कहा गया था कि स्कैम मामले में आगे की जांच के लिए जेल में बंद आरोपितों से पूछताछ करना जरूरी है। कोर्ट ने आवेदन को स्वीकार करते हुए जेल में ही पूछताछ की अनुमति दी है।

शराब घोटाले मामले में जेल में बंद ट्रांसपोर्टर अरविंद सिंह, महादेव सट्टेबाजी में निलंबित एएसआइ चंद्रभूषण वर्मा, कार चालक असीम दास, निलंबित कांस्टेबल भीम यादव, सतीश चंद्राकर और कोयला घोटाला मामले में समीर बिश्नोई, कारोबारी सूर्यकांत तिवारी, खनिज अधिकारी शिवशंकर नाग, सुनील अग्रवाल, नायर आदि से पूछताछ की गई। अधिकारियों ने संकेत दिया है कि जमानत पर बाहर अनवर ढेबर समेत अन्य से पूछताछ की जाएगी। इन तीनों मामलों में जेल में बंद आरोपितों से पूछताछ के बाद एसीबी की जांच और कार्रवाई में तेजी आने की उम्मीद है।

### दुर्ग में आयकर का छापा

**रायपुर,30 मार्च.**आयकर विभाग ने आज दुर्ग में अमर इंफ्रास्ट्रक्चर,पुलगांव के दफ्तर सहित सभी ठिकानों पर छापा मारा है. आयकर के 24 अधिकारी आठ गाड़ियों में पहुंचे हैं.कंपनी के दस्तावेजों की जांच की जा रही है. कंपनी का कारोबार पांच राज्यों में फैला हुआ है। इनका मुख्य काम सड़क बनाना है.

# चरण सिंह समेत चार हस्तियों को मिला भारत रत्न

**आडवाणी को घर जाकर सम्मान देंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू**



**नई दिल्ली,30 मार्च.** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पूर्व प्रधानमंत्रियों पी वी नरसिंह राव, चौधरी चरण सिंह, कर्पूरी ठाकुर और एमएस स्वामिनाथन को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया। बता दें कि पूर्व उपप्रधानमंत्री और भाजपा के दिग्गज नेता लालकृष्ण आडवाणी को भी भारत रत्न दिया जाना है। हालांकि उनकी खराब सेहत और उम्र को देखते हुए रविवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू खुद उनसे मुलाकात करने उनके आवास पर जाएंगी और यह सम्मान प्रदान करेंगी।

बता दें कि केंद्र ने इस साल पांच हस्तियों को भारत रत्न देने का ऐलान किया था। 2014 में नरेंद्र मोदी की अगुआई में भाजपा की सरकार बनने के बाद महामना मालवीय, पंडित अटल बिहारी वाजपेयी, प्रणब मुखर्जी, भूपेन हजारिका और नानाजी देशमुख को सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजा जा चुका है। अब तक कुल 53 लोगों को भारत रत्न दिया गया है। 3 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न देने का ऐलान किया था। बता दें कि आडवाणी की उम्र 96 साल की है और वह बीमार भी रहते हैं। ऐसे में उनके आवास पर पहुंचकर 31 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उन्हें सम्मानित करेंगी। वाजपेयी और नानजी देशमुख के बाद आडवाणी ऐसे तीसरे आरएसएस से जुड़े नेता हैं जिन्हें भारत रत्न दिया जा रहा है। वहीं बात करें पीवी नरसिम्हा राव की तो वह देश के नौवें प्रधानमंत्री थे। उनके कार्यकाल में ही उदारीकरण की नीति अपनाई गई थी और भारत की अर्थव्यवस्था का रास्ता पूरी दुनिया के लिए खोल दिया गया था। इसलिए उन्हें नए युग का प्रवर्तक माना जाता है। वहीं चौधरी चरण सिंह पांचवें प्रधानमंत्री थे। किसानों के हित में फैसले लेने के लिए उन्हें जाना जाता है। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को जननायक के नाम से जाना जाता है। वह दो बार बिहार के सीएम और डिप्टी सीएम रहे। उनके साधारण जीवन और ऊंचे विचारों की वजह से आज भी उनका नाम सम्मान से लिया जाता है।

# नक्सलियों के आह्वान पर बीजापुर बंद



**बीजापुर,30 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

बस्तर में नक्सलियों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ आज बीजापुर बंद का आह्वान किया है. दरअसल 4 दिन पहले पश्चिम बस्तर डिवीजन कमेटी के सचिव मोहन ने एक पर्चा जारी किया था, जिसमें धमकी दी गई है कि अगर दुकाने खुली रही, गाड़ियां चली तो इसके जिम्मेदार वे लोग खुद होंगे. नक्सलियों के बंद को लेकर बस्तर में पुलिस फोर्स भी अलर्ट मोड़ पर है. नक्सलियों की ओर से जारी पर्चे में लिखा है कि बीजेपी की सरकार आने के बाद बस्तर के बीजापुर में पुलिस ने 3 महीने के अंदर 15 बेकसूर आदिवासी ग्रामीणों को मारा है. आदिवासी ग्रामीणों के खिलाफ नरसंहार जारी है. अब सरकार के खिलाफ माओवाद पार्टी 30 मार्च को बीजापुर जिला बंद का आव्हान कर रही है.नक्सली लीडर ने कहा कि प्रदेश में जब से बीजेपी की सरकार आई है तब से अब तक सैकड़ों कैम्प खोले गए हैं. बस्तर के जल-जंगल-जमीन को कार्पोरेट घरानों को बेचा जा रहा है, नरसंहार जारी है. आदिवासियों को बाहर करने की रणनीति है. नक्सलियों के बंद को देखते हुए बीजापुर में पुलिस फोर्स भी अलर्ट मोड़ पर है. लोकसभा चुनाव से पहले नक्सली कोई बड़ी वारदात न कर पाए, इसके लिए हर रोज जवानों को सर्च ऑपरेशन पर भेजा जा रहा है. 3 दिन पहले नक्सलियों के खिलाफ चलाए गए सर्च ऑपरेशन में पुलिस ने 3 नक्सलियों को ढेर किया था.

# जितने भी कार्यकर्ताओं को लड़ाना चाहें लड़ा लें, जीत भाजपा की ही होगीः पांडे

**■ तरुण छत्तीसगढ़**

**कवर्धा,30 मार्च.** पूर्व मुख्यमंत्री और राजनांदगांव लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के ईवीएम वाले बयान पर भाजपा प्रत्याशी संतोष पाण्डेय ने पलटवार किया है. सांसद ने भूपेश बघेल को खुली चुनौती दी है. संतोष पाण्डेय ने कहा है कि भूपेश बघेल जितनी संख्या में अपने कार्यकर्ताओं को चुनाव लड़ाना चाहते हैं लड़ा लें. लेकिन जीत तो केवल भाजपा की होगी. संतोष पांडेय ने कहा कि भूपेश बघेल को खेलना नहीं आता तो पिच खराब करने की कोशिश में लगे हैं. इस तरह कार्यकर्ताओं को भड़काकर अपने ही खिलाफ निर्दलीय चुनाव लड़ाना चाहते हैं. इससे साफ पता चलता है कि भूपेश बघेल डर गए हैं. बता दें कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक सभा में अपने कार्यकर्ताओं से अपील की थी कि सभी लोकसभा सीटों पर तीन सौ से ज्यादा कार्यकर्ता नामांकन जमा करें. ताकि अधिक संख्या में होने पर चुनाव ईवीएम से ना होकर बैलैट पेपर से हो. इसी बयान पर संतोष पाण्डेय ने पलटवार करते हुए खुली चुनौती दी है कि भूपेश बघेल जितनी संख्या में कार्यकर्ताओं को लड़ाना चाहें लड़ा लें. जीत भाजपा की होगी.

### सांसद संतोष पांडेय के घर में घुसा चोर

**कवर्धा,30 मार्च.** राजनांदगांव लोकासभा से भाजपा प्रत्याशी और वर्तमान सांसद संतोष पांडेय के घर में बीती रात चोरी का प्रयास किया गया. इस दौरान ड्यूटी पर तैनात जवान ने चोरों को चोरी करने से रोका और उसे पकड़ने के लिए पीछे भागा. हालांकि चोर जवान को चकमा देकर फरार हो गया. जानकारी के मुताबिक थोड़ी दूर में चोर के साथी घात लगाए बैठे थे. ड्यूटी में तैनात जवान ने दौड़ाया तो चोर चोरी के सामानों को छोड़कर भागे. ये पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है. मामला सिटी कोतवाली के शिवजी नगर का है.

### भूपेश,सिंहदेव,बैज व महंत स्टार प्रचारक

**रायपुर,30 मार्च.** छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए कांग्रेस ने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है, जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, सचिन पायलट समेत छत्तीसगढ़ से भूपेश बघेल, टीएस सिंहदेव, दीपक बैज, डॉ. चरण दास महंत समेत 40 नेताओं के नाम शामिल हैं. ये सभी छत्तीसगढ़ में कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में धुआंधार प्रचार कर वोट मांगेंगे.

# भारतीय नौसेना ने समुद्री लुटेरों के कब्जे से छुड़ाया ईरानी जहाज

**नई दिल्ली,30 मार्च.** भारतीय नौसेना ने शुक्रवार को अरब सागर में अगवा किए गए ईरानी जहाज अल-कंबर 786 और उसके 23 सदस्यीय पाकिस्तानी चालक दल को सुरक्षित बचा लिया. नौसेना ने 12 घंटे से अधिक समय तक चले ऑपरेशन के बाद समुद्री डाकुओं को आत्मसमर्पण करने पर मजबूर कर दिया. भारतीय नौसेना की ओर से जारी आधिकारिक बयान में बताया गया कि भारतीय नौसेना की विशेषज्ञ टीमें मछली पकड़ने वाले पोत की गहन जांच कर रही हैं, जिससे मछली पकड़ने के काम को फिर से शुरू करने के लिए उसे सुरक्षित क्षेत्र में ले जाया जा सके. नौसेना ने बताया कि आईएनएस सुमेधा ने शुक्रवार तड़के एफवी 'अल कंबर' को रोका और बाद में आईएनएस त्रिशूल भी इस अभियान में शामिल हो गया. घटना के समय मछली पकड़ने वाला पोत सोकोट्रा से लगभग 90 समुद्री मील (एनएम) दक्षिण पश्चिम में था, जिस पर सशस्त्र समुद्री लुटेरे सवार थे.




# आयुक्त के नेतृत्व में निकली एक किलोमीटर लंबी बाइक रैली

**रिसाली 30 मार्च।** लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए मतदाताओं को जागृत करने नगर पालिक निगम रिसाली आयुक्त मोनिका वर्मा के नेतृत्व में बाइक रैली शुक्रवार को निकाली गई। 300 से अधिक बाइक सवार समेत अन्य वाहन सवार ने आम नागरिकों को मतदान के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर स्वीप दुर्ग के नोडल अधिकारी अश्वनी देवांगन, दुर्ग ग्रामीण के ए.आर.ओ. मुकेश रावटे, कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे आदि विशेष रूप से उपस्थित थे। 7 मई को होने वाले लोकसभा आम चुनाव में शत प्रतिशत मतदान का लक्ष्य लेकर नगर पालिक निगम रिसाली के कर्मचारियों ने बाइक रैली निकाली। रैली में शामिल वाहनों में अवश्य मतदान करें का फ्लेक्स लगाया गया था। आयुक्त के नेतृत्व में निकाली गई रैली में 300 से ज्यादा बाइक, जागरूकता रथ के अलावा 100 से ज्यादा मतदाता जागरूकता नारे लिखे जन स्वास्थ्य विभाग के वाहनों को शामिल किया गया। रैली निगम मुख्य कार्यालय से निकली और कल्याणी मंदिर,लक्ष्मी नगर, रिसाली बस्ती, श्याम नगर, आशीष नगर, प्रगति नगर होते हुए रिसाली सेक्टर समेत लगभग 13 वार्डो में भ्रमण करते वापस दशहरा मैदान रिसाली पहुंची। रैली में बी.एस.एफ. और सी आई एस एफ के 50 से अधिक जवान के अलावा 100 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका शामिल हुई। इस दौरान सभी मतदाताओं को जागरूक करने स्लोगन लिखे टी शर्ट, कैप पहने थे और हाथों में नारा लिखा तख्ती लिए हुए थे। समापन अवसर पर दशहरा मैदान में रैली में शामिल लोगों ने मतदान करने का संदेश दिया। मतदान करने मानव श्रृंखला बनाई। मानव श्रृंखला बनाते स्वीप दुर्ग का स्लोगन लिखा। इसके बाद मतदान करने के लिए संकल्प भी लिया।



स्वीप रिसाली के तहत दुर्ग लोकसभा आम चुनाव में मतदाताओं को जागृत करने जिला स्तर पर अलग-अलग कार्यक्रम किए जा रहे हैं। शुक्रवार को दो घंटा से ज्यादा समय तक बाइक से वार्ड भ्रमण किया गया। अंत में निर्भीक मतदान के लिए शपथ और मानव श्रृंखला बनाकर मतदान करने का संदेश दिया गया।

**मोनिका वर्मा, आयुक्त, रिसाली**

## वीडियो निगरानी टीम के लिए दल प्रभारी नियुक्त

**दुर्ग, 30 मार्च।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु वीडियो निगरानी टीम का गठन किया गया है। वीडियो निगरानी दल प्रभारी के साथ वीडियोग्राफर की ड्यूटी लगाई गई है। जिला निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 62-पाटन के लिए मुख्य नगर पालिक अधिकारी नगर पंचायत पाटन श्री सौरभ वाजपेयी को दल प्रभारी नियुक्त किया गया है, इनके साथ वीडियोग्राफर श्री पुरेन्द्र तिवारी की ड्यूटी लगाई गई है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 63-दुर्ग ग्रामीण के लिए मुख्य नगर पालिक अधिकारी नगर पंचायत उतई श्री राजेन्द्र नायक दल प्रभारी नियुक्त किया गया है, इनके वीडियोग्राफर श्री दुष्यंत कुमार सिंह, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 64-दुर्ग शहर के लिए सहायक प्राध्यापक शासकीय दानवीर तुलाराम महाविद्यालय उतई श्री रितेश कुमार नायक को प्रभारी नियुक्त किया गया है, इनके वीडियोग्राफर श्री ईदुल हसन, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 65-भिलाई नगर के लिए सहायक प्राध्यापक शासकीय महाविद्यालय रिसाली सतीश कुमार गोटा, इनके वीडियोग्राफर गुलशन सिन्हा की ड्यूटी लगाई गई है।

## एक नजर

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भिलाई 30 मार्च।** युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है जामुल टीआई केशव राम कोशले ने बताया कि बॉम्बे आवास घासीदास नगर जामुल निवासी नवीन कुमार गंधर्व ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली घटनास्थल से पुलिस को सुसाइड नोट नहीं मिला है युवक पडोसी के घर गया और पानी भी पिया उसके बाद उसकी लाश फांसी पर लटकी मिली परिजनों ने बताया कि मृतक तीसरे नंबर का था पेंटर का काम करता था मृतक नवीन का बड़ा भाई भोला गंधर्व के मुताबिक घर में लेटकर टीवी देख रहा था तभी मां ने पूछा नवीन कहां हैं तो वह नवीन के कमरे की तरफ गया कमरा भीतर से बंद था खिड़की से देखने पर उसकी लाश फंदे पर लटकी मिली।

### टीए बिल्डिंग का भुगतान काउंटर रविवार को भी खुला रहेगा

**भिलाई, 30 मार्च।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग ने आम नागरिकों की सुविधा हेतु नगर सेवाएँ विभाग ने टी ए बिल्डिंग काउंटर में दिनांक 31 मार्च रविवार को बिल भुगतान की सुविधा अन्य दिनों की तरह जारी रहेगी। 31 मार्च को रविवार और वित्त वर्ष के अंतिम दिन होने के कारण यह सुविधा प्रदान की जा रही है। इस्पात नगरी के निवासियों को संयंत्र को देय भुगतान में असुविधा का सामना न करना पड़े इसे ध्यान में रखते हुए यह सराहनीय कदम उठाया गया है। इस्पात नगरी के नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि इस सुविधा का लाभ उठाते हुए समय पर भुगतान जमा कर सहयोग करें।

### मर्चेन्ट मिल विभाग में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन





**भिलाई, 30 मार्च।** भिलाई इस्पात संयंत्र में स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान मर्चेन्ट मिल विभाग में, मुख्य महाप्रबंधक एम के गोयल के मार्गदर्शन में 29 मार्च को स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एम के गोयल ने अपने उद्बोधन में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में वहां उपस्थित सभी कर्मचारियों को शपथ दिलाते हुए कहा की महात्मा गाँधी द्वारा सिखाये गए स्वच्छता के पथ पर चलते हुए मर्चेंट वायर रॉड मिल ने स्वच्छता अभियान का आयोजन किया है। इसके बाद मर्चेंट वायर रॉड मिल के कैंटीन एवं श्रम मंदिर के आसपास की सफाई की गई। इस अवसर पर मर्चेन्ट मिल विभाग के अनुभाग प्रमुख, महाप्रबंधक हरिरमानी, सहायक महाप्रबंधक रमाकांत गुप्ता, सहायक महाप्रबंधक एवं विभागीय सुरक्षा अधिकारी डी के पटेल एवं सहायक महाप्रबंधक मनीष कुमार सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्मिक विभाग मिल्स् जोन-1 सें उप-प्रबंधक समायला अंसारी, राजेश कुमार पाण्डेय हरीश बैतुले एवं जितेन्द्र कुमार सोनी की सहभागिता और योगदान सराहनीय रही।

### ग्राम सुरपा में मनरेगा मजदूरों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली




**पाटन 30 मार्च।** मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत दक्षिण पाटन के ग्राम सुरपा में 450 मनरेगा मजदूरों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली गली मोहल्ले होते हुए मिलन चौक से मनरेगा कार्य स्थल तक मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। छोड़ कर अपने सारे काम, पहले करें मतदान, करे राष्ट्र का जो उत्थान करें उसी को मतदान, लालच दे कर वोट जो मांगे, भ्रष्टाचार करेगा आगे..स्लोगन के साथ मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रोजगार सहायक शेखर ठाकुर ने मजदूरों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा देश लोकतांत्रिक देश है जिसमें लोक और तन्त्र। लोक का अर्थ है जनता और तंत्र का अर्थ शासन है और 7 मई को तीसरे चरण का मतदान होना जिसमे हमारे दुर्ग जिला भी शामिल है। लोकतंत्र के इस पावन त्यौहार में हमें बेझिझक हो कर मतदान केंद्र में जा कर अपना मताधिकार का प्रयोग कर अपना कर्तव्य का निर्वाह करना है। इस अवसर पर ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### सीआईएसएफ के रक्तदान शिविर में 30 यूनिट ब्लड एकत्रित

**दुर्ग, 30 मार्च।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार एवं सीएमएचओ डॉक्टर जेपी मेश्राम, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉक्टर एके साहू के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय दुर्ग में रक्त की उपलब्धता बनाए रखने हेतु सीआईएसएफ उतई द्वारा 28 मार्च को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 30 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया। दुर्ग जिला रक्त केंद्र के नोडल अधिकारी डॉक्टर प्रवीण कुमार अग्रवाल प्रभारी और अधिकारी नेहा नलवाया बाफना के मार्गदर्शन में काउंसलर एंथोनी, वरिष्ठ लैब तकनीशियन रोशन सिंह, लैब सुपरवाइजर रूपेश सर्पे, लैब टेक्नीशियन महेंद्र चंद्राकर, दिनेश, अमनशील, काजल, पैरामेडिकल छात्र नम्रता, सिद्धार्थ चतुर्थ श्रेणी हिमांशु चंद्राकर, अशोक मानिकपुरी, सीआईएसएफ से डॉ. इकबाल और जीवन दीप समिति से श्री प्रशांत डोनगांवकर, दिलीप ठाकुर, श्री सतीश चंद्र सुराणा आदि के विशेष सहयोग से कैंप का सफल सम्पादन किया गया।

# कलेक्टर महोबे ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत् वृद्धाश्रम में वरिष्ठ नागरिकों का किया सम्मान

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा 30 मार्च।** लोकतंत्र के महापर्व में मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित कराने स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आज कलेक्टर जनमेजय महोबे ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत वृद्धाआश्रम में निवासरत वरिष्ठ नागरिकों को तिलक लागकर एवं फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया। कलेक्टर श्री महोबे ने सभी वरिष्ठ नागरिकों को लोकतंत्र में मताधिकार प्रयोग करने की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ संदीप कुमार अग्रवाल, उपसंचालक पंचायत राज तिवारी सहित वरिष्ठ नागरिकगण उपस्थित थे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जनमेजय महोबे ने वरिष्ठ नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी नागरिकों की सहभागिता आवश्यक है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में आम नागरिकों को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। इसके साथ आसपास के सभी नागरिकों को इसके लिए जागरूक करना चाहिए। कलेक्टर श्री महोबे ने जिले के मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि मतदान हमारा अधिकार ही नहीं है, अपितु एक जिम्मेदार नागरिक होने के साथ मतदान करना हमारा मूल कर्तव्य भी है। कलेक्टर महोबे ने वरिष्ठ नागरिकों को बताया कि राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के लिए दूसरे चरण 26 अप्रैल 2024 को मतदान होना है। उन्होंने सभी मतदाताओं को अपने नजदीकी मतदान केन्द्र में पहुंचकर अपना मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक निर्वाचन में मतदान करना चाहिए। वृद्धाआश्रम में वरिष्ठ नागरिकों ने मतदान का संदेश देते हुए कहा कि लोकतंत्र में भागीदारी निभाते हुए सभी को मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। संविधान द्वारा हमे अधिकार दिया गया है और इस अधिकार का उपयोग करते हुए स्वत्रंत, निष्पक्ष रूप से अपने मुखिया का चयन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी के युवाओं को अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करना चाहिए। युवा देश का भविष्य है। उल्लेखनीय है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 मतदाता जागरूकता, स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत कबीरधाम जिले में लोकतंत्र के महापर्व में मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित कराने जिले के नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संदेश दिया जा रहा है।



## महिलाओं ने पौधरोपण कर हरियाली बचाने दिया सन्देश

**उतई 30 मार्च।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत कोड़िया के शौर्य युवा संगठन के संरक्षक व पर्यावरण प्रेमी लतखोर निषाद के नेतृत्व में प्रतिवर्षानुसार होली पर्व के उपलक्ष्य पर ग्रामीण महिलाओं के साथ मिलकर पौधरोपण किया गया। साथ ही महिलाओं ने गांव की हरियाली बचाने व सघन पौधरोपण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प भी लिया। पर्यावरण प्रेमी लतखोर निषाद और शौर्य संगठन के नेतृत्व में बीते एक दशक से ज्यादा वर्षों से विभिन्न पर्वों व अवसरों पर पौधरोपण कर हर वर्ग के लोगों को पर्यावरण को बचाने प्रेरित करते हैं। विलुप्त हो रहे प्रजातियों के साथ फलदार व छायादार पौधों का रोपण प्रमुखता से करते हैं। ग्रामीण महिलाओं ने उत्साह के साथ पौधरोपण में भागीदारी निभाई साथ ही भविष्य में ऐसे कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प भी लिया।

शौर्य संगठन के संरक्षक दिनेश दीपक ने महिलाओं के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि जीवसृष्टि का आधार प्रकृति पर है। पर्यावरण असंतुलन के कारण ही जीवसृष्टि को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी परिस्थिति से निपटने व पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण करना जरूरी है। महिलाओं का इस क्षेत्र में सक्रियता गांव की हरियाली को संरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। पौधरोपण के दौरान शौर्य युवा संगठन के सचिव आदित्य भारद्वाज, संरक्षक व पर्यावरण प्रेमी लतखोर निषाद, दिनेश दीपक, किशोर निषाद, मनीषा साहू, परमिला साहू, हीरा साहू, विमला साहू, सीमा यादव, गीता यादव, द्रौपदी साहू, डिप्पी साहू, उमेंद्र यादव, सुखुराम साहू सहित शौर्य संगठन के अन्य सदस्य मौजूद थे।



## बाइक रैली निकालकर मतदान के लिए किया जागरूक



**कवर्धा 30 मार्च।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप कार्यक्रम) के तहत भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाताओं को बैनर, पोस्टर, दीवाल लेखन, स्लोगन आदि के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा शुक्रवार को स्वामी करपात्री जी शासकीय हायर सेंकेडरी स्कूल से बाईक रैली निकालकर शहर के विभिन्न चौक-चौराहों से गुजरते हुए मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया गया। रैली में जिले के वरिष्ठ अधिकारियों सहित शिक्षक शमिल हुए। रैली के माध्यम से मतदाताओं को उनके मताधिकार का अनिवार्य रूप से उपयोग करने और मजबूत लोकतंत्र में सहभागी बनने की अपील की गई। सहायक संचालक श्री एमके गुप्ता रैली में शामिल लोगों को देश के लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए अपने दायित्वों का निर्वहन करने हेतु 26 अप्रैल 2024 को अपना मतदान अवश्य करने के साथ ही अपने माता-पिता, अभिभावक, ईष्ट मित्रों एवं आस-पास के पड़ोसियों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई। रैली के माध्यम से मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने तथा लोकतंत्र में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए अपील की गई। जिले के 200-300 नागरिकों ने बाइक रैली में भाग लेकर आम नागरिको को संबोधित किया। उन्होंने प्रेरित करते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी नागरिकों को अपना शत प्रतिशत मतदान करना आवश्यक है।

# रक्षासूत्र बांधकर शत-प्रतिशत मतदान का संदेश

**कवर्धा 30 मार्च।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आज कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे के मार्गदर्शन में एवं स्वीप कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री संदीप कुमार अग्रवाल के दिशा निर्देश में जिले के अधिकारी कर्मचारियों ने मिलकर रक्षा सूत्र बांधा तथा शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने का संदेश दिया।उल्लेखनीय है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 मतदाता जागरूकता, स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत कबीरधाम जिले में लोकतंत्र के महापर्व में मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित कराने जिले के नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संदेश दिया जा रहा है।इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ संदीप कुमार अग्रवाल, उपसंचालक पंचायत राज तिवारी जिला शिक्षा अधिकारी योग दास साहू सहायक संचालक महेंद्र गुप्ता जिला परियोजना अधिकारी , अवधेश नंदन श्रीवास्तव सहित अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित थे।



## प्लेट मिल ने स्थापना दिवस पर रचे नये कीर्तिमान

**भिलाई, 30 मार्च।** भिलाई इस्पात संयंत्र के प्लेट मिल ने नित नई ऊंचाइयों को प्राप्त करते हुए कई कीर्तिमान स्थापित किया हैं। 29 मार्च 2024 को प्लेट मिल ने प्रथम पाली के अधिकारियों व कर्मचारियों की प्रतिबद्धता व सहयोगी विभाग आरसीएल, पीपीसी, स्टील मेल्टिंग शॉप-2 के सहयोग से एक ही पाली में 435 स्लेब की रिकॉर्ड रोलिंग करके, 23 अक्टूबर 2023 को 422 स्लेब की रोलिंग के अपने ही पुराने रिकॉर्ड को ध्वस्त कर दिया है। साथ ही प्रथम पाली में 2,630 टन की रिकॉर्ड रोलिंग टनेज कर एक और कीर्तिमान स्थापित किया है। इसके पूर्व 21 अक्टूबर 2014 में 2,623 टन रोलिंग टनेज का रिकॉर्ड दर्ज किया गया था। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार ने प्लेट मिल पहुँचकर, प्लेट मिल बिरादरी को स्थापना दिवस एवं एक ही पाली में रिकॉर्ड रोलिंग के लिए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। प्लेट मिल के स्थापना दिवस के कार्यक्रम का आयोजन, मिल के प्रवेश द्वार के सम्मुख हुआ, जहां प्लेट मिल द्वारा निर्मित प्रथम प्लेट रखी हुई है। इस अवसर पर अंजनी कुमार ने इसी प्रथम प्लेट के समक्ष केक काट कर सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा, कि इस तरह के नये कीर्तिमान बनाना ही हमारा उद्देश्य होना चाहिए।




## मर्चेंट मिल ने एंगल उत्पादन में स्थापित किया नया कीर्तिमान

**भिलाई, 30 मार्च।** सेल - भिलाई इस्पात संयंत्र की मर्चेंट मिल ने 28 मार्च 2024 को 75×75×6 मिमी आयाम और प्रोफ़ाइल में 2,005 टन एंगल को रोल करने का एक नया रिकॉर्ड बनाया है, जो 4 फरवरी 2024 को इसी प्रोफ़ाइल में उत्पादित 1,910 टन के पिछले सर्वश्रेष्ठ से अधिक है। विभिन्न अनुप्रयोगों में उपयोग के लिए विभिन्न आयामों में एंगल और चैनल सहित उत्पादों की लाइट स्ट्रक्चरल रेंज तैयार करने के अतिरिक्त, मर्चेंट मिल टीएमटी बार के हाई कोरोसन रेजिस्टेंस एचसीआरएम ग्रेड, टीएमटी बार में 550 डी ग्रेड, टीएमटी (एसईक्यूआर-550 डी) और टीएमटी (एफई-500डी) सहित कई स्पेशल वैल्यू एडेड स्टील ग्रेड की भी रोलिंग करता है।



## समाचार संक्षेप

### दीपशिखा विद्यालय में श्री राम कथा सत्संग सह होली मिलन समारोह



**उतई 30 मार्च।** मानस सुधा सत्संग समूह के तत्वाधान में दो दिवसीय श्री राम कथा सत्संग सह होली मिलन समारोह दीपशिखा विद्यालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस के मुख्य अतिथि दुर्ग जिला मानस संघ के अध्यक्ष श्री मेहत्तर राम वर्मा थे । सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित एवं मर्यादा पुरुषोत्तम राम एवं हनुमान जी की पूजा अर्चना कर मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मानस के प्रमुख वक्ता के रूप में माननीय डॉ रामगोपाल तिवारी मानस रत्न बांदा, उत्तर प्रदेश उपस्थित थे । संत समागम कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के प्रमुख मानस वक्ताओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए ।वक्ताओं ने कहा कि रामचरितमानस एक ऐसा ग्रंथ है जिसका आचरण करने से काम, क्रोध, लोभ, मोह ,अहंकार दूर हो जाते हैं । प्रत्येक व्यक्ति को इसका अध्ययन करना चाहिए । मुख्य अतिथि एवं प्रमुख प्रवक्ता डॉ रामगोपाल तिवारी ने कहा कि यदि हम जीवन में सुख ,समृद्धि, शांति और भगवत कृपा चाहते हैं तो हमारे जीवन में भक्ति जरूरी है और भक्ति को पाने के लिए पहले भक्त अथवा संत तक पहुंचना आवश्यक है क्योंकि भक्त सद्गुरु के समान होता है । सद्गुरु के बताए हुए रास्ते पर चलने से ही भक्ति को प्राप्त किया जा सकता है । उपस्थित सभी धर्मानुरागी सत्संग प्रेमियों ने भगवत नाम का संकीर्तन करते हुए दो दिन तक लगातार सत्संग लाभ लिए । इस अवसर पर दीपशिखा विद्यालय के सचिव डी एल सिन्हा ,प्राचार्य के आर सिन्हा समस्त शिक्षक- शिक्षिकाएं विद्यार्थी, प्रमुख मानस वक्ताओं में श्री चोवा राम साहू, नीलकंठ ठाकुर, पीलाराम शर्मा ,पंडित गजानन अवस्थी, पंडित राजेंद्र प्रसाद शर्मा ,संगीता निषाद, डॉ. लोकेश साहू ,चैतराम साहू ,राजेंद्र देशमुख ,मनहरण वर्मा ,रोहित देशमुख, चेतन दुलार देवांगन, राजीव साहू, जे .एल साहू, हेमलाल साहू ,वेदराम साहू, के. के.सिन्हा धनुषराम यादव तथा अंचल के सत्संग प्रेमी उपस्थित थे।

### आरपीएफ ने छूटा बैग यात्री तक पहुंचाया



**भिलाई 30 मार्च।** ट्रेन में सफर के दौरान एक यात्री का बैग छुट गया था सूचना मिलने पर आरपीएफ भिलाई के कर्मियों ने यात्री के बारे में खोजबीन कर उसके तक उसका बैग सुरक्षित पहुंचाया है उप निरीक्षक आर. के. राठौर ने बताया कि अमरकंटक एक्सप्रेस कोच एसी बी 3 के बर्थ नंबर 43 में यात्री ने अपना बैग ट्रेन में छोड़ दिया। पावर हाउस रेलवे स्टेशन ट्रेन के पहुंचने पर आरपीएफ को जानकारी मिली। आरपीएफ को यात्री का मोबाइल नंबर मिला उसमें फोन करने पर अपना नाम मुंबई निवासी हमेश सतीश भंडारी होना बताया है उसने पुलिस को बताया कि अपना बैग भुलकर रायपुर स्टेशन में उतर गया था जिसमें टिफिन, मोबाइल, नगदी 28 हजार रुपए होना बताया पुलिस ने उसे तुरंत बुलाकर उसके बैग को सौंपा गया भिलाई - 3 आरपीएफ स्टाफ सहायक उपनिरीक्षक डी. चौहान व महिला आरक्षक के. सुषम।

### मिस्टर छत्तीसगढ़ बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता आज से

**भिलाई, 30 मार्च।** चौथी श्री साई क्लासिक मिस्टर छत्तीसगढ़, मेन्स फिजिक एवं मिस्टर भिलाई बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार 30 मार्च को संध्या 5:30 बजे से किया जा रहा है । इस प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को कुल एक लाख रूपये का नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी कृष्णा साहू महासचिव, छत्तीसगढ़ एवं पूर्व मिस्टर इंडिया ने उक्ताशय की जानकारी देते हुए बताया कि मिस्टर छत्तीसगढ़ बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता :- 55, 60, 65, 70, 75, 80 किलो वजन वर्ग समूह में होगी जिसमें खिलाड़ियों का बॉडी वेट दोपहर 2 से 4 बजे तक लिया जाएगा। इस प्रतियोगिता में प्रथम/द्वितीय/तृतीय स्थान प्राप्त विजेता खिलाड़ियों को नकद राशि / पदक एवं प्रमाण-पत्र से पुरस्कृत किया जाएगा । सभी वजन वर्गों के बीच फाइनल मुकाबला में सर्वश्रेष्ठ विजेता बॉडी बिल्डर को मिस्टर छत्तीसगढ़ के खिताब से नवाजा जाएगा । मिस्टर भिलाई बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में भिलाई के स्थानीय खिलाड़ी ही भाग ले सकेंगे जिसमें बेस्ट पांच खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाएगा तथा मेन्स फिजिकल बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के बेस्ट 10 खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाएगा । इस प्रतियोगिता में दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़, सारंगढ़, चांपा, कांकेर, बस्तर, कवर्धा, धमतरी, जगदलपुर आदि जिलों के 150 खिलाड़ियों एवं ऑफिशियल के भाग लेने की पुष्टि हुई है । इस राज्य प्रतियोगिता के आधार पर विजेता खिलाड़ियों का चयन शिर्डी (महाराष्ट्र) में दिनांक 27 व 28 अप्रैल को आयोजित मिस्टर इंडिया बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु छत्तीसगढ़ टीम में किया जाएगा ।

## एक नजर

### थाना सोमनी के ग्राम मनकी में सट्टा लिख रहे सटोरिए को पुलिस ने दबोचा



**राजनांदगांव 30 मार्च।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग, श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा, श्रीमान नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेंद्र नायक मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देश पर क्षेत्र में चल रहे अवैध रूप से सट्टा पट्टी की कार्यवाही हेतु थाना प्रभारी सोमनी निरीक्षक कृष्णा पाटले, प्रधान आर0 149 हेमंत, आर0 1138 शाहबाज सिद्दीकी , आर0 आर0 1549 विकास राजेत्री को जुर्म जरायम पतासाजी पर रवाना किया गया था, जरिये मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम मनकी रोड के पास अवैध रूप से सट्टा पट्टी लिखने की सूचना पर दबिश दी गई । जहां मंगलूराम निषाद पिता कोमल निषाद उम्र 35 साल निवासी मनकी, थाना सोमनी, जिला राजनांदगांव को धर दबोचा जिसके कब्जे से 01 नग डांट पेन, 03 नग सट्टा पट्टी एवं नगदी 490रूपये को कब्जा मे लेकर अपराध क्रमांक 81//2024 धारा छत्तीसगढ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 6 की कार्यवाही की गई है ।

### सट्टा पट्टी लिखने वाले पर की गई कार्रवाई

**राजनांदगांव 30 मार्च।** पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग का सख्त निर्देष है कि जिले में अवैध शराब, सट्टा-जुआ के विरुद्ध सख्त कार्यवाही किया जावे के पालन में श्रीमान अति. पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री राहुल देव शर्मा एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ श्री आशीष कुंजाम के मार्गदर्शन में आज दिनांक 29.03.2024 को थाना छुरिया क्षेत्रातंर्गत जरिये मुखबीर से सूचना मिला कि चन्द्राकर क्लिनिक के सामने स्थित कॉपलेक्स के पास एक व्यक्ति सट्टा-पट्टी लिख रहा रहा है कि सूचना पर थाना छुरिया से स0उ0नि0 सत्तुलाल कंवर एवं हमराह पुलिस स्टॉफ द्वारा मौंके पर पहुॅचकर रेड कार्यवाही कर आरोपी संजय कुंभकार पिता स्व0 मंगलु कुंभकार उम्र 31 साल निवासी वार्ड नंबर 12 अटल चौक छुरिया थाना छुरिया जिला राजनांदगांव के द्वारा अवैध रूप से सट्टा-पट्टी लिखते रंगे हाथो पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से नगदी रकम 680 रूपये, सट्टा-पट्टी एवं डॉट पेन बरामद कर आरोपी के विरूद्ध थाना छुंरिया में अपराध क्रमांक 76/2024 धारा 6 छत्तीसगढ जुआ प्रतिषेध अधि0 2022 कायम कर विवेचना में लिया गया है। उक्त कार्यवाही में स.उ.नि. सत्तुलाल कंवर, आरक्षक 1683 असवन वर्मा, आरक्षक 1594 कोमलचंद साहू की विशेष भूमिका रही है।



### कायस्थ समाज ने भाई दूज पर की विशेष पूजा अर्चना



**डोंगरगढ़ 30 मार्च।** होली पर्व के पश्चात भाई दूज के अवसर पर कायस्थ समाज द्वारा भगवान श्री चित्रगुप्त के मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गयी। विशेष आरती आयोजित कर कायस्थ समाज के लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगा कर रंगों के पर्व होली की बधाई दी। इस दौरान कायस्थ समाज के संरक्षक ए. के. बख्शी अध्यक्ष फगेन्द्र श्रीवास्तव राजकुमारी बख्शी सुरेन्द्र श्रीवास्तव संजय श्रीवास्तव धर्मेंद्र गोमास्ता अरूण श्रीवास्तव सुधा श्रीवास्तव किरण श्रीवास्तव सरिता श्रीवास्तव संदीप गोमास्ता राजेश श्रीवास्तव दीपेंद्र गोमास्ता प्रशांत श्रीवास्तव संतोष श्रीवास्तव संजीव गोमास्ता रितेश सक्सेना रत्नेश श्रीवास्तव विवेक श्रीवास्तव मनीष गोमास्ता स्वधा अक्षत सहित बड़ी संख्या कायस्थ समाज के लोग उपस्थित रहे।

### नगर निगम रायपुर करेगा ई-टॉयलेट का संचालन




**रायपुर 30 मार्च।** आकस्मिक निरीक्षण के दौरान शहर में स्थापित ई-टॉयलेट का संधारण समुचित नहीं पाए जाने पर रायपुर स्मार्ट सिटी ने इस कार्य हेतु नियुक्त एजेंसी होप फॉर ह्यूमिनिटी का अनुबंध निरस्त कर दिया है ।अब इसका रखरखाव नगर निगम रायपुर के माध्यम से होगा। नगर निगम कमिश्नर और रायपुर स्मार्ट सिटी के प्रबंध संचालक श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर रायपुर स्मार्ट सिटी की टीम ने शहर के विभिन्न स्थलों में स्थापित 32 नग ई-टॉयलेट के संचालन और संधारण का औचक निरीक्षण किया ।इस दौरान कुछ टॉयलेट में साफ सफाई संतोषजनक नहीं पायी गई , साथ कुछ स्थलों पर ई-टॉयलेट संचालन में ही नहीं थे। निरीक्षण उपरांत रायपुर सिटी लिमिटेड ने इन सभी ई-टॉयलेट के संचालक संधारण के लिए नियुक्त एजेंसी को होप फॉर ह्यूमिनिटी को हटा दिया है। सभी टॉयलेट के संचालन के लिए नगर निगम रायपुर को हैंड ओवर किया जा रहा है।

# अंधियारी पाट पहाड़ी कोहका के जंगल में हुये अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 30 मार्च।** ग्राम कोहका के अंधियारी पाठ पहाठी के जंगल में हत्या कर शव को छुपाने की रिपोर्ट पर दर्ज अपराध के त्वरित कार्यवाही हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा एवं श्रीमान नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के दिशा निर्देश पर पुलिस चौकी तुमडीबोड द्वारा त्वारित कार्यवाही करते हुऐ अंधे कत्ल की गुत्थी को सुलझाकर आरोपीगणो को गिरफतार किया गया।

आरोपीगण का नाम और पताः 1. धरमू ठाकुर पिता जोहित राम ठाकुर उम्र 23 वर्षे ग्राम ढ़ाबा पुलिस चौकी तुमडीबोड़ जिला राजनांदगांव छ.ग. 2. रितेश श्रीवास पिता रोहिता श्रीवास उम्र 20 वर्ष ग्राम ढ़ाबा पुलिस चौकी तुमडीबोड़ जिला राजनांदगांव छ.ग. 3. युगल कुमार ठाकुर पिता लालसिह ठाकुर उम्र 20 वर्ष ग्राम ढाबा पुलिस चौकी तुमडीबोड़ जिला राजनांदगांव छ.ग. 4. धनंजय कुमार साहू पिता हुमन लाल साहू उम्र 21 वर्ष ग्राम ढाबा पुलिस चौकी तुमडीबोड़ जिला राजनांदगांव छ.ग. 5. समीर कुमार ठाकुर पिता रायसिंह ठाकुर उम्र 20 वर्ष ग्राम बानी नवागांव (छुहिया) थाना धमधा जिला दुर्ग छ.ग.

विवरण-दिनांक 26.03.2024 को ग्राम कोहका अंधियारी पाट पहाड़ी के नीचे जंगल में गढ़ढा खोदकर मिट्टी दबाकर दफनाये गये शव मिलने की सूचना पर तस्दीक कर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। तथा विवेचना दौरान वरिष्ठ अधिकारीयो तथा एफएसएल टीम की उपस्थिति में कार्यपालिक दण्डाधिकारी द्वारा शव उत्खन्न की कार्यवाही कर मृतक की शिनाख्ती कार्यवाही की गई प्रकरण में मृतक डोमेश्वर साहू पिता स्व0 रामखिलावन साहू उम्र 35 वर्ष निवासी ढाबा की शिनाख्त होने पर परिजनों एवं गवाहों के कथन तथा तकनीकी साक्ष्य के आधार पर मृतक के मोबाईल को उपयोग करने वाले आरोपी समीर ठाकुर निवासी बानी नवागांव धमधा जिला दुर्ग को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर हत्या की पर्त धीरे धीरे खुलती गई और समीर के निशानदेही पर धनजंय कुमार साहू ग्राम ढाबा निवासी को संदेह के आधार पर अभिरक्षा में लेकर बारीकी से पूछताछ करने पर धरमू ठाकुर, रितेश श्रीवास एवं युगल कुमार ठाकुर द्वारा मृतक डोमेश्वर साहू की हत्या करना बताने पर तीनों आरोपीयो को अभिरक्षा में लेकर हत्या के संबंध में बारीकी से पूछताछ किया गया जिस पर तीनों आरोपीयो ने पृथक पृथक अपने कथनों में बताये कि घटना दिनांक 31.01.24 को ग्राम ढाबा निवासी आरोपी युगल कुमार ठाकुर के घर में सगाई का कार्यक्रम था सगाई कार्यक्रम के बाद रात्री 08 00 बजे करीब गुटखा खाने शुभम किराना स्टोर्स गये थे जहा मृतक डोमेश्वर साहू के साथ तीनो आरोपीयो का विवाद हुआ जिस पर तीनो आरोपी मृतक को जान से मारने की योजना बनाकर मृतक को पंचायत भवन के पास से खीचते हुऐ गांव के भाठा परिया मुरूम गड्ढा में ले जाकर तीनो हाथ मुक्का लात से मृतक को सीना, सिर को पत्थर से मारकर चोट पहुंचा कर हत्या कर दिये मृतक के शव को तीनों आरोपी पास के नहर नाली में छुपाकर रखे थे और खाना खाने वापस अपने घर आये और सगाई कार्यक्रम में शामिल होकर खाना खा कर आरोपी धरमू ठाकुर और रितेश श्रीवास सायकल से नहर नाली के पास पहुंचकर शव को छिपाकर रखे स्थान से निकालकर सायकल में रखकर नहर नाली रास्ता से होते हुऐ अंधियारी पाठ पहाडी जगंल की ओर ले जाकर वन विभाग के खोदे गये नाली में शव को डालकर पत्ते एवं झाडियों से छुपा दिये तथा प्रकरण के मुख्य आरोपी धरमू ठाकुर और युगल ठाकुर पुणे महाराष्ट के न्यायालय में हत्या के प्रकरण में पेशी हेतु गये थे जहा से कोर्ट में पेशी देकर दिनांक 03.02.24 को वापस ढाबा आकर शाम को आरोपीगण धरमू ठाकुर, रितेश श्रीवास ,युगल ठाकुर मिलकर लाश से बदबू आने तथा लाश का पहचान होने और पकड़े जाने के डर से लाश को दूसरे जगह दफनाने की योजना बनाकर रात्री में घर से फावडा कुदाली लेकर तीनों आरोपी एक साथ अंधीयारी पाठ पहाडी कोहका जाकर जंगल झाडी के पास खड्डा खोदकर लाश को नहर नाली से

निकाल कर गड्डे में दफना दिये और घटना समय पहने कपडे एवं शव को दफनाने में उपयोग किये गये फावडा और कुदाली को अपने अपने घर में लाकर छुपा दिये। विवेचना दौरान आरोपी समीर से मृतक का मोबाईल तथा आरोपी धनंजय से मृतक के मोबाईल बिक्री किये रकम को जप्त किया गया तथा प्रकरण के मुख्य आरोपीगणो धरमू ठाकुर ,रितेश श्रीवास एवं युगल कुमार ठाकुर से घटना समय पहने कपडा एवं शव ले जाने में उपयोग किया गया सायकल शव को दफनाने में उपयोग किये गये फावडा, कुदाली को जप्त किया गया है। प्रकरण के आरोपीयो के विरूध अपराध सदर धारा का अपराध घटित करना पाये जाने पर गिरफतार कर माननीय न्यायालय पेश कर जेल निरूध किया गया है। कार्यवाही में पुलिस चौकी प्रभारी उप निरीक्षक कैलाश चन्द्र मरई, सउनि अनिल कुमार यादव, सउनि तुलाराम बांक ,आर. देवानंद परतेती, आर. कमल नेताम, लोकेश साहू ,चन्द्रशेखर यादव, महिला आर.अर्पणा एक्का एवं पुलिस चौकी स्टाप की सराहनीय भूमिका रही।

# लोकसभा चुनाव को लेकर वाहनों की जांच में तेजी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 30 मार्च।** आगामी लोकसभा चुनाव निष्पक्ष एवं सुरक्षित तरीके से सम्पन्न कराने हेतु बार्डर पर सघन चेकिंग शुरू कर दी गई है। पुलिस टीमें महाराष्ट्र से आने वाले सभी वाहनों की सघन चेकिंग कर रही हैं। बागनदी बार्डर तथा जिले के शरहदी गांवों में जिला पुलिस बल एवं एसएसटी बलों के साथ टीमें तैनात की गई है। प्रदेश में आने वाले सभी दो पहिया, चार पहिया वाहनों पर नजर बनाये रखेन हेतु पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) श्री मुकेश ठाकुर के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना चौकी प्रभारियों एवं यातायात शाखा द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्रों में एमसीपी लगाकर संदिग्ध लोगों पर नजर बनाये रखते हुये सघनता व सतर्कता के साथ वाहन चेकिंग करने शराब, मादक पदार्थो व अन्य सामग्रियों पर रोकथाम करने तथा कानून- व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाये रखने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके तहत थाना बागनदी, डोंगरगढ़, चौकी सुरगी एवं थाना यातायात पुलिस द्वारा दिनांक 28/03/2024 को आने जाने वाले संदिग्ध, वाहन, वस्तु व्यक्ति की जांच की गई। यातायात नियमों का उल्लघंटन करने वालो के कुल 144 प्रकरण में 44400/-रूपये समंस शुल्क कर उनके विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही कर यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के संबंध में जागरूक भी किया गया।

# शराब तस्करों को डोंगरगांव पुलिस ने रंगे हाथों पकड़ा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगांव 30 मार्च।** 29 मार्च को पुलिस अधीक्षक राजनादगांव मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु0 अधि0 डोंगरगांव, दिलीप सिंह सिसोदिया राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी डोंगरगांव ,निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व मे थाना डोंगरगांव क्षेत्रों मे जुआ , शराब , चोरी के गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखा जा रहा था इसी क्रम मे दिनांक 29.03.2024 को थाना डोंगरगांव पुलिस को प्राप्त मुखबीर से सुचना के आधार पर टीम गठित कर घेराबंदी कर रेडकार्यवाही किया गया , जिसमे दो अलग अलग मामलों मे सफलता मिली, जिसमे अपराध धारा-34(1) (ख) आबकारी के तहत आरोपी 1. आकाश निर्मलकर पिता कृष्णा निर्मलकर उम्र 32 साल पता तूमरीबोर्ड थाना लालबाग जिला राजनांदगांव छ0ग0 से बिजली ऑफिस के पीछे ग्राम अर्जुनी,थाना डोंगरगांव , के पास 20 अंग्रेजी प्रीमियम व्हिस्की जिसमें आइकॉन लिखा हुआ कीमती 2400/? एवम बिक्री रकम ? 250 एवं आरोपी लिकेश्वर वर्मा पिता मन्नू लाल वर्मा उम्र 24 साल ग्राम नाथू नवागांव आप डुमरी रोड थाना लालबाग जिला राजनांदगांव, थाना डोंगरगांव जिला राजनांदगांव से ग्राम केसला आम झाड़ के नीचे थाना डोंगरगांव के पास से 18 देशी प्लेन शराब सीलबंद कीमती 1440/-रूपये एवं बिक्री रकम 250/रूपये दोनो के पास से कुल 38 पौवा अंग्रेजी प्रीमियम व्हिस्की जिसमें आइकॉन लिखा एवम् देशी प्लेन शराब छ0ग0 निर्मित कीमती रकम 3840/-रू0 एवं बिक्री रकम 500/- रूपये कुल 4340/- रूपये को जप्त कर कब्जा पुलिस मे लिया गया जाकर गिर0 किया जाकर अप0 कायम कर विवेचना मे लिया गया है । थाना डोंगरगांव पुलिस की कार्यवाही आगे जारी रहेगी।



### व्यय प्रेक्षक प्रवीण रंजन ने एमसीएमसी के मीडिया सेंटर का किया निरीक्षण

**राजनांदगांव 30 मार्च।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री प्रवीण रंजन ने कलेक्टोरेट के प्रथम तल में स्थित जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (एमसीएमसी) के मीडिया सेंटर का निरीक्षण किया। व्यय प्रेक्षक ने मीडिया सेंटर में इलेक्ट्रानिक मीडिया इकाई, प्रिंट मीडिया इकाई, सोशल मीडिया इकाई का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के महत्वपूर्ण कार्य के लिए मीडिया सेंटर से जुड़े सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन सजगतापूर्वक करें। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए सोशल मीडिया की निगरानी पर ध्यान देते हुए कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने पेड न्यूज तथा इलेक्ट्रानिक मीडिया मॉनिटरिंग एवं अन्य गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि व्यय अनुवीक्षण को ध्यान में रखते हुए टीम सक्रियतापूर्वक कार्य करें। उन्होंने मीडिया सेंटर में संधारित पंजी का अवलोकन किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री खेमलाल वर्मा, उप संचालक जनसंपर्क एवं सचिव एमसीएमसी डॉ. उषा किरण बड़ाईक, ई-जिला प्रबंधक श्री सौरभ मिश्रा सहित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## खैरागढ़ विधानसभा भाजपा संयुक्त मोर्चा की बैठक सम्पन्न

# पदाधिकारियों का आह्वान-जीत इतनी प्रचंड हो कि वर्षों तक विरोधी खड़े नहीं हो पाएं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**खैरागढ़ 30 मार्च।** भाजपा खैरागढ़ विधानसभा संयुक्त मोर्चा पदाधिकारी बैठक में लोकसभा चुनाव में जीत की रणनीति बनाई गई। उक्त बैठक प्रदेश भाजपा प्रवक्ता व राजनांदगांव लोकसभा के सहसंयोजक नीलू शर्मा की मौजूदगी में हुई. मोर्चा पदाधिकारियों ने आह्वान किया कि लोकसभा चुनाव में जीत इतनी प्रचण्ड होनी चाहिए कि वर्षो तक विरोधी खड़ा न होने पाए।संयुक्त मोर्चा की बैठक को संबोधित करते हुए नीलू शर्मा ने कहा कि लोकसभा का चुनाव बहुत ही महत्वपूर्ण चुनाव है।भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में काम कर रही है जिसमे भाजपा के सभी मोर्चा का महत्वपूर्ण योगदान है। छत्तीसगढ़ में पिछले 5 साल कांग्रेस सरकार के कुशासन में भाजपा ने लड़ाई लड़ी है जिसमे भाजपा के सभी मोर्चा का योगदान रहा है। भाजपा के सभी मोर्चा प्रकोष्ठ के माध्यम से अनेक बार सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई लड़ी गई है इसी का परिणाम है कि 2023 विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी है। छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनते ही सबसे पहले 18 लाख प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत रुके हुए आवासों की स्वीकृति भी मिल गई है तथा 70 लाख महिलाओ को एक हजार रुपये महतारी वन्दन योजना के तहत महिलाओ को प्रतिमाह देने की घोषणा में अमल होना शुरू हो गया है इसी तरह किसानों को भी किया गया वादा पूरा किया है। श्री शर्मा ने आगे कहा कि कल 30 मार्च को विजय पताका दिवस के रूप में हर बूथ मे 100 झंडा लगाना है। तथा लोकसभा चुनाव के दृष्टिकोण से प्रत्येक बूथों में 5 बैठक भी करना है। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओ से अपील करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि अब बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं से सम्पर्क करना शुरू कर देवे व लाभार्थीयो से मिलकर सम्पर्क करे व उन्हें बताये कि केंद्र सरकार की योजना व राज्य की भाजपा सरकार उनके हितों के लिए काम कर रही है। श्री शर्मा ने आगे कहा कि पन्ना प्रभारी से भी मिलिए और टोली बैठक, पॉकेट बैठक लेकर केंद्र व राज्य सरकार के योजनाओ से चर्चा करे साथ ही युवाओ को बताए कि पीएससी में हुए घोटाले की जांच सीबीआई कर रही है जिसमे दोषियों के ऊपर कार्यवाही अवश्य होगी।प्रत्येक बूथों में 5 वाल राइटिंग भी कराए.संयुक्त मोर्चा का इस चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका रहने वाला है।श्री शर्मा ने आगे कहा कि पन्ना प्रभारी व बूथ अध्यक्षो का सम्मेलन भी करना है। इसी तरह नमो एप व सरल एप को मोबाइल में डाउनलोड करे व पार्टी के कार्यो जो बैठक या अन्य गतिविधियां संचालित होती है उसे अपलोड करने के लिए प्रेरित किया।इसी कड़ी में पूर्व संसदीय सचिव कोमल जंघेल ने कहा कि भाजपा के सातों मोर्चा के लिए भाजपा ने अभूतपूर्व कार्य किया है जिसमें महिलाओ को महतारी वन्दन योजना के तहत विवाहित महिलाओं को एक हजार रुपये प्रतिमाह देना शुरू हो गया है वैसे ही किसानों को धान के अंतर की राशि एकमुश्त देकर किसानों को खुशहाल बनाया है इसी प्रकार हर मोर्चा अपने टीम को लेकर बूथ स्तर पर जाकर पार्टी के लिए कार्य करे। संबोधन की कड़ी में प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य राजनांदगांव जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि हर कार्यकर्ता संगठन में बहुत बढ़िया काम कर रहे है।लोकसभा चुनाव बड़ा चुनाव है जिसमे हर कार्यकर्ता की भूमिका बारीकी से रहती है।भाजपा से संतोष पाण्डे प्रत्याशी है और देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के सैनिक के रूप में मैदान में है।दूसरे तरफ भूपेश बघेल है जो पिछले पांच साल राजनांदगांव लोकसभा में कोई कार्य नही किये है। बल्कि राजनांदगांव लोकसभा का पिछले पांच साल घोर उपेक्षा किये है। छत्तीसगढ़ में पिछले पांच साल सिर्फ भ्रस्टाचार हुआ है कांग्रेस सरकार ने विकास के नाम पर सिर्फ कागजों में विकास किया है।श्री सिंह ने कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता बूथ स्तर में कार्य करे और भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय को विजयी बनाने के संकल्प को लेकर जनता के बीच जाए और भाजपा को मजबूत बनाने में अपनी महत्वपूर्ण योगदान दे जिससे राजनांदगांव लोकसभा में भाजपा प्रचण्ड मतो से जीत हासिल करेगी।स्वागत उद्बोधन में जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू ने कहा कि केसीजी जिला भाजपा के सात मोर्चा के संयुक्त बैठक आज रखा गया है। जिसमे प्रदेश भाजपा के निर्देशानुसार 2024 लोकसभा चुनाव के बिगुल बज गया है।

## समाचार संक्षेप

### कलेक्टर ने किया बागनदी चेक पोस्ट का आकस्मिक निरीक्षण



**राजनांदगांव 30 मार्च ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर अंतर्राज्यीय सीमावर्ती बार्डर बागनदी चेक पोस्ट का निरीक्षण किया। उन्होंने स्थैतिक निगरानी दल एवं अन्य टीमों को अवैध शराब, नगदी एवं अन्य सामग्री के परिवहन को रोकने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया। उन्होंने निर्वाचन कार्य में लगे टीमों को 24 घंटे तैनात रहने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन का समय अवैध शराब, नगद तथा अन्य सामग्री के परिवहन से संबंधित केस सामने आते हैं। इन सभी पर बारीकी से नजर रखने और उन पर कार्रवाई जरूरी है। उन्होंने अन्य राज्यों से आने-जाने वाले वाहनों को कड़ाई से जांच करने कहा। साथ ही संदिग्ध वाहनों की जांच कर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीमावर्ती चेक पोस्ट पर तैनात कर्मचारियों को गुजरने वाले हर गाड़ी की मुस्तैदी से जांच करने और अवैध एवं संदिग्ध परिवहन पर तत्काल कार्रवाई करने के साथ अपने उच्च अधिकारियों को सूचित करने के निर्देश दिए। उन्होंने चेकपोस्ट में की जा रही कार्रवाई एवं गाडियों की जांच के लिए रजिस्टर पंजी संधारित करने के निर्देश दिए।

### लोकतंत्र में एक-एक वोट के महत्व को लेकर शहर व गांवों में स्वीप संगोष्ठी



**राजनांदगांव 30 मार्च।** जिले में शहर से लेकर गांव-गांव में स्वीप संगोष्ठी आयोजित कर लोकतंत्र में एक-एक वोट के महत्व के बारे में लगातार बताया जा रहा है। जिले में शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मतदाता जागरूकता ग्रुप के माध्यम से गांव-गांव में बैठक लेकर स्वीप संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। स्वीप संगोष्ठी में नागरिकों को बिना डर, भय, प्रलोभन के लोकतंत्र के पर्व में अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने विभिन्न कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देश पर जिले में स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए व्यापक तौर पर कार्य किए जा रहे हैं। जागरूक नांदगांव के अब एके पहचान, शत प्रतिशत होही मतदान के आधार पर स्वीप संगोष्ठी नगर पालिक निगम के सभाकक्ष, शहर के विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों, राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम भेड़िकला, बघेरा एवं कलडबरी में आयोजित हुई है। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में करेंगे शत-प्रतिशत मतदान की ओर नारा देकर मतदान के दिन मतदान केन्द्र में आकर अपना वोट अवश्य करने हेतु लोकसभा आम चुनाव 2024 में शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को लेकर मतदान की ओर बढने़ के लिए जिले द्वारा प्रयास किया गया। स्वीप संगोष्ठी में पंचायत सचिव या वार्ड प्रभारी बीएलओ के साथ उन सभी लोगों को लोकसभा चुनाव का महत्व समझाया जाता है। कार्यक्रम में सभी लोगों को मतदान के लिए मतदाता शपथ लेकर संकल्प पत्र हस्ताक्षर किया गया।

### सतनामी समाज, धमतरी ने दर्ज करवाई एफआईआर

**अंवरी 30 मार्च।** सतनामी समाज, गिरोधपुरी धाम और बाबा गुरु घासीदास को कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा अभद्र गाली दी गई है.बाबा जी के चित्र के साथ अश्लील छेड़छाड़ किया है, जिसके खिलाफ सतनामी समाज जिला धमतरी के अध्यक्ष भाव सिंह डहरे के नेतृत्व में थाना कुरूद में एफआईआर दर्ज करवाई गई। अज्ञात व्यक्ति ने फर्जी आईडी बनाकर इंस्टाग्राम में पोस्ट डाला है । गिरोधपुरी धाम और बाबा गुरु घासीदास जी को अश्लील गाली दी गई है। बाबा जी के चित्र के साथ अश्लील छेड़छाड़ किया है. उपस्थित सतनामी समाज के पदाधिकारी ने कहा कि यह सोची समझी चाल है। यदि आरोपी पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही नहीं की गई तो समाज प्रदेश स्तरीय आंदोलन करने विवश होगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से समाज के कुरूद ब्लाक अध्यक्ष रामकुमार बंजारे,भखारा ब्लॉक अध्यक्ष तेजेश्वर कुर्रे, वरिष्ठ सदस्य शंकर रात्रे,जितेंद्र रात्रे,महेश कुर्रे दुष्यंत ढीढ़ी,अंजोर दास मारकंडे, बसंती मारकंडे,शशि भूषण जांगड़े, गणेश चंद्राकर अनेक लोग उपस्थित थे।

## संपादकीय

# कांग्रेस जनता के साथ नेताओं का भी भरोसा खो रही

राजनीति में कोई भी राजनीतिक दल जनता का भरोसा खोकर उसे फिर हासिल कर लेता है। वह चुनाव हार कर फिर चुनाव जीत लेता है। वह जब जनता के साथ ही नेताओं व कार्यकर्ताओं का भी भरोसा खोने लगता है तो यह उसके लिए सबसे बुरा दौर होता है। ऐसे दौर से इन दिनों कांग्रेस गुजर रही है। वह देश की सबसे पुरानी पार्टी है। वह कई बार टूट चुकी है लेकिन अपनी साख उसने जल्द पा ली है। जनता का भरोसा खोकर वह जनता का भरोसा हासिल करने में कई बार सफल रही है। इन दिनों वह दो बार लोकसभा चुनाव हारकर अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रही है। जनता का भरोसा तो उसने दस साल पहले खो दिया है और उसे अब तक हासिल नहीं कर सकी है। यह उसके नेता राहुल गांधी, अध्यक्ष खरगे व प्रियंका गांधी की बड़ी असफलता तो है। इससे भी बड़ी असफलता यह है कि निकट भविष्य में उसके सत्ता में लौटने की कोई उम्मीद दिख नहीं रही है। देश में पीएम मोदी व भाजपा ने माहौल बना रखा है कि तीसरी बार भाजपा जीत रही है। यही नहीं वह रिकार्ड सीटों से जीत रही है। विपक्ष सवाल तो उठा रहा है लेकिन उसकी तैयारी तो भाजपा व मोदी को चुनाव में टक्कर तक देने की नहीं है। विपक्ष को एकजुट कर भाजपा व पीएम मोदी को टक्कर देने की तैयारी तो कांग्रेस को करनी थी लेकिन कांग्रेस यह काम तो कर नहीं सकी। यही नहीं तीन विधानसभा चुनाव में बुरी हार को बाद कांग्रेस के सामने अपनी पार्टी के नेताओं को पार्टी से जोड़कर रखने की थी, उनमें भरोसा पैदा करने की थी कि जल्द हम राज्यों व केंद्र में सत्ता मे लौटेंगे लेकिन यह काम भी तो कांग्रेस कर नहीं सकी है। राहुल गांधी व प्रियंका गांधी को पार्टी नेताओं को यह भरोसा दिलाना था कि अगला चुनाव हम जीतेंगे, इसके लिए उनको तैयारी करनी थी, पार्टी के सभी नेताओं को साथ लेकर योजना बनानी थी, उनके साथ काम करना था यह सब राहुल गांधी ने नहीं किया वह तीन विधानसभा चुनाव में बुरी हार के बाद भी अपनी भारत जोड़ो यात्रा में ही लगे रहे। भारत तो जुड़ा नहीं कांग्रेस से लेकिन कांग्रेस नेता पार्टी छोड़कर जाने लगे। यह ऐसे नेता नहीं थे जो चुनाव के वक्त पार्टी छोड़कर जाते हैं, यह ऐसे नेता थे जो दशकों से जुड़े हुए थे और कांग्रेस छोड़कर जाने की सोचते तक नहीं थे क्योंकि उनको लगता था कि उनके राजनीतिक हित सुरक्षित हैं। कांग्रेस के गठबंधन की राजनीति में जाने के कारण ऐसे नेताओं को लगा कि अब कांग्रेस जीतेगी तो नहीं, उनके राजनीतिक हित भी सुरक्षित नहीं है. यही वजह है कि कांग्रेस के समय मुख्यमंत्री रहे परिवार के लोग भी अब कांग्रेस छोड़कर जा रहे हैं। इसका मतलब है कि कांग्रेस की साख कई राज्यों में अब इतनी नहीं रह गई है कि लोग माने कांग्रेस केंद्र की सत्ता में लौट सकती है। पीएम मोदी देश के सबसे लोकप्रिय नेता है, उनकी लोकप्रियता कम होने की जगह हर चुनाव में बढ़ती जा रही है। कांग्रेस उनकी लोकप्रियता को कम कर नहीं सकी अपनी साख भी तो नहीं बढ़ा सकी है। कांग्रेस के तीन लोकसभा में मिले वोट प्रतिशत को देखा जाए तो वह बढ़ा नहीं है, वह 10 और 11 प्रतिशत पर अटका हुआ है। यानी कांग्रेस तीन लोकसभा चुनाव हो गए अपना वोट बढ़ा नहीं पा रही है। वहीं भाजपा ने तीन लोकसभा चुनाव मे अपना वोट तीन गुना बढ़ा लिया है। कांग्रेस जब चार सौ सीटों पर चुनाव लड़ती है तो उसका वोट दस से ग्यारह प्रतिशत पर रहता है और वह दस प्रतिशत सीटें ही जीत पाती हैं। इस बार माना जा रहा है कि कांग्रेस चार सौ सीटों पर चुनाव नहीं लड़ा पाएगी। अनुमान है कि वह ज्यादा से ज्यादा से वह तीन सौ या 270 सीटों पर चुनाव लड़ सकती है। यानी उसको वोट प्रतिशत तो घटेगा ही साथ ही उसके सीटों की संख्या भी घट सकती है। जब चार सौ सीटों पर चुनाव लड़कर 44 और 52 सीटे जीत सकती है तो तीन सौ से कम सीटों पर चुनाव लड़ेगी तो स्वाभाविक है कि उसकी सीटें भी कम होंगी और साथ ही उसका वोट भी कम मिलेगा। यानी पिछले तीन चुनावों में उसका जो वोट प्रतिशत स्थिर था, वह इस बार घट सकता है। इससे उसका राजनीति में दबदबा कम होगा, उसका महत्व कम होगा और वह पहले से ज्यादा कमजोर होकर विपक्ष पर निर्भर होती जाएगी। यानी हर काम के लिए उसे विपक्ष के मदद की जरूरत होगी। यानी कांग्रेस की पूरी राजनीति इस बार बदल सकती है। पहले विपक्ष हर काम के लिए कांग्रेस पर निर्भर रहता था अब आने वाले दिनों में विपक्ष पर कांग्रेस निर्भर रहेगी। कोई माने या न माने यह मोदी की राजनीति की कमाल है कि उसने देश की राजनीति बदल दी है।

---

चुनाव

# प्रथम चरण 19 अप्रैल 2024 को 102 सीटों के लिए होगा फैसला

किशन सनमुखदास भावनानी



विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत अपने 5 वर्षों में एक बार होने वाले सबसे बड़े चुनावी महापर्व के लिए पूरी तरह से तैयार है, जिसमें प्रथम चरण की 102 सीटों पर 19 अप्रैल 2024 को होने वाले चुनाव के लिए पूरी प्रक्रिया करीब करीब पूरी हो गई है,क्योंकि आज 30 मार्च 2024 को नाम वापसी का अंतिम दिवस,अब जो उम्मीदवार संसदीय क्षेत्र के लिए बचे हैं उनमें अब जनता देख रही है कि उम्मीदवार आपसी चुनाव प्रचार में कह रह रहे हैं कि आ देखें जरा किसने कितना है दम!दुनियां के सबसे बड़े चुनावी महापर्व में मीडिया भी जोरों शोरों से लगा हुआ है। मतदाता भी अब उम्मीदवारों को देखकर मंथन करने लग गया है कि किसे वोट देना है,व्यक्तिगत छवि या फिर राजनीतिक पार्टी!कई स्थानों पर पार्टियों के बागी उम्मीदवार उनका सिर दर्द बने हुए हैं। दूसरी ओर इस बार चुनाव आयोग भी अति सख़्ती बनाए हुए हैं, जिसमें आधुनिक डिजिटल टेक्नोलॉजी का भरपूर उपयोग किया गया है जिसमें 27 एप्स सहित आईटीसी का प्रयोग कर उम्मीदवारों के लिए आचार संहिता का पालन करने के अलावा कोई दूसरा विकल्प बंद कर दिया गया है। चूंकि प्रथम चरण 19 अप्रैल 2024 को सबसे अधिक 102 सीटों पर चुनाव होना है,इसलिए राजनीतिक पार्टियां व उम्मीदवार पूरी ताकत के साथ चुनावी पर्व में रंग गए हैं कि अबकी बार 400पार और अबकी बार नई सरकार! सहित अनेक नारों से मतदाताओं को लुभा रहे हैं।चूंकि 19 अप्रैल 2024 को 102 उम्मीदवारों के फैसले की है बाज़ी,देखना है वोटर किससे कितने हैं,राज़ी इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी केसहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, हे मतदाताओं उम्मीदवार पर सोच समझकर होना राज़ी, जनहित राष्ट्रहित के मुद्दों पर लगाना है बाज़ी।

साथियों बात अगर हम राजनीतिक पार्टियों की इच्छाओं आकांक्षाओं के आंकलन की करें तो,पीएम की लोकसभा चुनाव में पार्टी के लिए कम से कम 370 सीटों और पार्टी के नेतृत्व वाले एनडीए के लिए अबकी बार, 400 पार की भविष्यवाणी के बारे में राजनीतिक हलकों में विभिन्न रूप से व्याख्या की जा रही है। एक विचार यह है कि वे 1984-85 में कांग्रेस पार्टीके 414 लोकसभा सीटों के रिकॉर्डको तोड़ना चाहते हैं, जहां तक 370 की बात है, तो यह अनुच्छेद 370 के तहत जम्मू-कश्मीर को मिले विशेष दर्जे को खत्म करने के उनकी सरकार के फैसले को भुनाने की एक रणनीति है।निश्चित रूप से विपक्षी खेमे का एक और दृष्टिकोण यह है कि ये अवास्तविक आंकड़े केवल नेताओं और मतदाताओं के बीच कमज़ोर दिल वाले लोगों को डराने के लिए हैं। विपक्षी नेताओं का कहना है कि यह अहंकार का भी संकेत है, जिसका उल्टा असर हो सकता है, लेकिन विपक्षी दल के नेता केवल उम्मीद ही कर सकते हैं। कुछ लोगों का यह भी मानना है कि पीएम सच में 370 का आंकड़ा पार करना चाहते हैं।आखिरकारजवाहरलाल नेहरू ने जो कांग्रेस के लिए सबसे बेहतरीन किया था वह 1957 में लोकसभा में था जब कांग्रेस को 371 सीटें मिली थीं। ये कांग्रेसी किसी तरह आश्वस्त हैं कि पीएम की सबसे बड़ी इच्छा नेहरू से आगे निकलने की है जो 16 साल 286 दिन तक प्रधानमंत्री रहे थे, इसलिए वे यह भी मानते हैं कि पीएम चौथे कार्यकाल के लिए भी तैयार हैं।खैर नेताओं को अटकलें लगाने से कौन रोक सकता है। साथियों बात अगर हम 19 अप्रैल 2024 को होने वाले प्रथम चरण की 102 सीटों में वोटो के लिए प्रक्रिया पूरी होने की करें तो का आज (शनिवार) आखिरी दिन हुआ। इस समय देश में 18वीं लोकसभा के गठन की प्रक्रिया चल रही है। बता दें 17वीं लोकसभा का कार्यकाल 16 जून को पूरा हो रहा है। 19 अप्रैल को पहले चरण में 21 राज्यों को कवर किया जाएगा। पहले चरण में 102 सीटों पर चुनाव होना है जिसमें से 98 सीटों पर नाम वापसी का आज अंतिम दिन हुआ। वहीं बिहार की चार सीटों पर नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 2 अप्रैल है।ज्ञात हो, भारत निर्वाचन आयोग ने 16 मार्च 2024 को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में 18वीं लोकसभा चुनाव 2024 के लिए पूर्ण मतदान कार्यक्रम की घोषणा की थी। आयोग के मुताबिक 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों में सात चरणों में 1 जून तक मतदान होगा और वोटों की गिनती 4 जून को होगी। अनुमति के बिना किसी की ज़मीन,घर,परिसर की दीवारों पर पार्टी के झंडे, बैनर आदि नहीं लगाए जा सकते मतदान के दिन शराब की दुकानें बंद रहती हैं। वोटरों को शराब या पैसे बाँटने पर भी मनाही होती है।मतदान के दौरान ये सुनिश्चित करना होता है कि मतदान बूथों के पास राजनीतिक दल और उम्मीदवारों के शिविर में भीड़ इकट्ठा न हों।शिविर साधारण हों और वहां किसी भी तरह की प्रचार सामग्री मौजूद न हो।कोई भी खाद्य सामग्री नहीं परोसी जाए।सभी दल और उम्मीदवार ऐसी सभी गतिविधियों से परहेज करें जो चुनावी आचार संहिता के तहत भ्रष्ट आचरण और अपराध की श्रेणी में आते हैं- जैसे मतदाताओं को पैसे देना मतदाताओं को डराना धमकाना, फ़ज़ी वोट डलवाना, मतदान केंद्रों से 100 मीटर के दायरे में प्रचार करना, मतदान से पहले प्रचार बंद हो जाने के बाद भी प्रचार करना और मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक ले जाने और वापस लाने के लिए वाहन उपलब्ध कराना।राजनीतिक कार्यक्रमों पर नज़र रखने के लिए चुनाव आयोग पर्यवेक्षक या ऑब्ज़रवर नियुक्त करता है।आचार संहिता लागू होने के बाद चुनाव आयोग की इजाज़त के बिना किसी सरकारी अधिकारी या कर्मचारी का तबादला नहीं किया जा सकता है।आचार संहिता में राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के आचरण, चुनावी सभा, रैली, जुलूस और रोड शो से जुड़े कायदे-क़ानून, मतदान के दिन पार्टियों और उम्मीदवारों के आचरण पर ध्यान होता है।आचार संहिता में राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के आचरण चुनावी सभा, रैली, जुलूस और रोड शो से जुड़े कायदेक़ानून मतदानके दिन पार्टियों और उम्मीदवारों के आचरण मतदान बूथ के अनुशासन,चुनाव के दौरान ऑब्ज़रवर और सत्ताधारी दल की भूमिका का जिक्र इसमें है।

साथियों बात अगर हम सत्ताधारी दल के आर्टिकल 370 एक देश एक चुनाव सहित अनेक मुद्दों के साथ आंकलन की करें तो,370 एक पार्टी के राष्ट्रवाद के मुद्दे को भुनाने के लिए अच्छी संख्या है, जम्मू-कश्मीर के संदर्भ में पीएम और गृह मंत्री के मन में वास्तविक संख्या 362 हो सकती है। यह 543 सदस्यीय लोकसभा में दो-तिहाई बहुमत।यह संख्या पार्टी के लिए महत्वपूर्ण है, जो पीएम के तीसरे कार्यकाल में एक देश, एक चुनाव को लागू करने के लिए ज़रूरी है।यह मानते हुए कि 4 जून को जनमत सर्वेक्षण जो दिखा रहे हैं वो सच साबित हो। रामनाथ कोविंद के नेतृत्व वाली समिति, जिसके ग्रहमंत्री भी सदस्य थे, ने एक साथ पूरे देश में चुनाव करवाने के लिए कई संवैधानिक संशोधनों का सुझाव दिया है। इनमें से अधिकांश संशोधनों को विशेष बहुमत से पारित करना होगा,कुल सदस्यों के 50 प्रतिशत से अधिक और सदन में उपस्थित और मतदान करने वालों के दो-तिहाई द्वारा। चुनाव पूर्व सर्वेक्षणों के अनुसार, एनडीए को लोकसभा में दो-तिहाई के आंकड़े तक आसानी से पहुंचने की उम्मीद है, लेकिन पार्टी अपने दम पर वहां तक पहुंचना चाहती है।भला, किसी पर भी निर्भर क्यों रहा जाए, यहां तक कि सहयोगियों पर भी? पार्टी के अंदरूनी सूत्रों का दावा है कि पार्टी के आंतरिक सर्वेक्षणों में इस स्तरपर उसकी सीटें 330 के आसपास आंकी गई हैं।जो भी हो, राज्यसभा में पार्टी की समस्या अभी भी अनसुलझी है।संसद के 245 सदस्यीय उच्च सदन में दो-तिहाई का आंकड़ा 164 है।आज इस सदन में पार्टी के 97 सदस्य हैं,जबकि सत्तारूढ़ एनडीए की संख्या 117 है, लेकिन जैसा कि हमने पीएम के दूसरे कार्यकाल में देखा है, ग्रह मंत्री ने राज्यसभा में अंकगणित को सरकार में काम में कभी भी आड़े नहीं आने दिया। 2024-29 के लिए सत्ताधारी पार्टी के एजेंडे में एक और बड़ा मुद्दा अगली जनगणना के बाद निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन है,जिसकी उम्मीद 2026 में लगाई जा रही है। सुप्रीम कोर्ट में केंद्र द्वारा प्रस्तुत एक हलफनामे के अनुसार, परिसीमन अभ्यास से लोकसभा की संख्या 888 सदस्यों और राज्यसभा की संख्या 384 तक बढ़ने की संभावना है।यह एक विवादास्पद मुद्दा है, दक्षिणी राज्य इस कदम का विरोध कर रहे हैं जिससे संसद में उत्तरी राज्यों का प्रतिनिधित्व बढ़ेगा, जिससेएक पार्टी को काफी फायदा होगा। जब तक अबकी बार, 400 पार एनडीए के लिए वास्तविकता नहीं बन जाती, तब तक इन सीटों को बढ़ाने के लिए संसदीय मंजूरी प्राप्त करना आसान नहीं होगा। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि हे मतदाताओं,उम्मीदवार पर सोच समझ कर होना राज़ी-जनहित राष्ट्रहित मुद्दों पर लगाना बाज़ी !लोकसभा चुनाव 2024-प्रथम चरण की नॉमिनेशन प्रक्रिया पूर्ण- आ देखें जरा,किसमें कितना है दम !प्रथम चरण 19 अप्रैल2024 को 102 सीटों के लिए फैसले की बाज़ी- वोटर्स किससे कितने राज़ी।

---

## आज का राशिफल

**मेष राशिः** आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज किसी रिश्तेदार के आगमन से घर में खुशी का माहौल बनेगा। प्रतियोगी परिक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को जल्द अच्छे परिणाम हासिल होंगे। आज आप जो भी काम हाथ में लेंगे उसे भली-भांति तय वक्त पर पूरा करके दिखाएंगे। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से आज काफी हद तक आराम मिलेगा। आज आपकी आर्थिक स्थिति में मजबूती आयेगी। आज आपके दांपत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी। आज ऑफिस में आपके काम की प्रशंसा होगी, आपका दिन शानदार रहेगा।

**वृष राशिः** आज आपका दिन व्यापार में निवेश के लिए लाभदायक रहेगा। आज किसी दोस्त की आर्थिक रूप से मदद करने में सक्षम रहेंगे। विद्यार्थी अपने सीनियर्स से किसी प्रैक्टिकल को पूरा करने में मदद लेंगे। सोशल मीडिया के माध्यम से ऑनलाइन अपने व्यापार को आगे बढ़ा सकते हैं। आज आपको अपने स्वास्थ्य के प्रति थोड़ा सचेत रहने की जरूरत हैं। सॉफ्टवेयर इंजीनीयर्स आज किसी टारगेट को पूरा कर लेंगे। शिक्षकों के लिए आज का दिन बेहतरीन रहेगा।

**मिथुन राशिः** आज आपका दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आपको ऑफिस में सहकर्मियों के साथ मिल-जुल कर रहना चाहिए, इससे आपको उनकी मदद मिलती रहेगी। नवविवाहित दम्पति के बीच मीठी नोक-झोंक होगी, इससे रिश्ते में और मधुरता आएगी। आज आप जरूरतमंद लोगों की हर संभव मदद करने का प्रयास करेंगे। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहने वाला है। प्रॉपर्टी डीलर्स आज कोई बड़ी डील फाइनल करेंगे, जिससे अच्छा लाभ होगा।

**कर्क राशिः** आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज बिजनेस के क्षेत्र में किसी तजुर्बेदार व्यक्ति की सलाह मिल सकती है। आज जीवनसाथी से आपको कोई उपहार मिलेगा। मेडिकल स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतरीन रहेगा। कपड़े का कारोबार कर रहे लोगों को आज ऑनलाइन बड़ा आर्डर मिलेगा। राजनीति में आपका मान सम्मान होगा। आज परिवार में सुख शांति का वातावरण बनेगा। शिक्षकों के ट्रान्सफर में आ रही परेशानी आज ख़त्म होगी। छात्र आज ग्रुप स्टडी करने का मन बनायेंगे। साथ ही किसी विषय पर शिक्षकों की सलाह भी लेंगे।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन सामान्य रहने वाला है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को थोड़ी और मेहनत की जरूरत है। लवमेट्स के बीच हो रही गलत फहमियां आज ख़त्म होंगी। आज आप बाहर का ऑयली खाना खाने से परहेज करें। किसी दोस्त की सहायता से कॉलेज का रुका काम पूरा कर लेंगे। आज ऑफिस में आपका काम चेंज हो सकता है। वाहन खरीदने का विचार बना रहे हैं, तो आज आप परिवार से इस बारे में बात कर सकते हैं।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज थोड़ा धैर्य बनाये रखने से आपके रुके कार्यों की पूर्ती होगी। आज आपका बिजनेस बेहतर तरीके से आगे बढ़ेगा। व्यावहारिक ज्ञान का स्तर उच्च रहेगा। स्वजनों के मध्य मेलजोल व प्यार बढ़ेगा। आज ऑफिस में आपका प्रमोशन होने के चांसेस हैं। आज पारिवारिक वातावरण अच्छा रहेगा। आज आपके कार्यक्षेत्र में किये गए सभी प्रयास सफल रहेंगे। आज आपके भाई आपसे मदद मांग सकते हैं, आप उन्हे निराश नहीं करेंगे।

**तुला राशिः** आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। आज जीवनसाथी के साथ डिनर पर जाने का प्रोग्राम बनायेंगे, जिससे आपके बीच मधुरता बढेंगी। आज आपके आर्थिक स्थिति में मजबूती आएगी। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहने वाला है। मीडिया से जुड़े लोगों को आज कोई अच्छी खबर मिलेगी। विद्यार्थी आज पढ़ाई में रूचि लेंगे। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। कहीं घूमने का प्लान बनाएंगे। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को अच्छे रिजल्ट मिलने के योग बन रहे हैं।

**वृश्चिक राशिः** आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज किसी ख़ास मेहमान के आने से घर का माहौल खुशनुमा बनेगा। आज नयी सोंच से व्यापार को आगे बढ़ा सकते हैं। लवमेट के लिए आज का दिन स्पेशल रहेगा। ट्रांसपोर्ट का कारोबार कर रहे लोगों को आज अच्छा लाभ होगा। छात्र आज कंप्यूटर सीखने का मन बनाएंगे। आज आप किसी जरुरी टॉपिक को क्लियर करेंगे। दोस्तों के साथ कहीं घूमने का प्लान कुछ दिनों के लिए टालना पड़ सकता है। व्यापार में आज रोज की अपेक्षा ज्यादा मुनाफा होगा।

**धनु राशिः** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। विद्यार्थी आज टाइम टेबल के अनुसार पढ़ाई करें तो अवश्य सफलता मिलेगा। कार्यक्षेत्र में अनुभवी लोगों की सलाह उन्नति के द्वार खोलेगी। नए व्यापार शुरू करने से पहले अपने बड़ों की सलाह जरुर ले लें। ऑफिस में कई दिनों से रुका हुआ कार्य आज पूरा कर लेंगे। वाहन खरीदने का विचार आज अपने परिवार के साथ करेंगे। पहले किए गए निवेश से आज आपको फायदा होगा।

**मकर राशिः** आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज अचानक धन लाभ होने की सम्भावना है। व्यापार की गति बढ़ाने के लिए नई योजना बनाएंगे। प्रतियोगी परिक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को मेहनत जारी रखनी चाहिए। लवमेट्स को आज लंच पर जाने का मौका मिलेगा। शिक्षकों के वेतन में वृद्धि होने के आसार हैं। काफी समय से परिवार से दूर रहे लोगों को परिवारजनों से मिलने का मौका मिलेगा। राजनीति से जुड़े लोगों को आज किसी समारोह में अपनी बात रखने का मौका मिलेगा।

**कुंभ राशिः** आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। ज्वैलरी का कारोबार कर रहे लोग अपने कारोबार को आगे बढाने का विचार बनायेंगे। आज जीवनसाथी के साथ घूमने जाएंगे। छात्रों के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है। कॉलेज के किसी प्रतियोगिता के आपको अपना हुनर दिखाने का मौका मिलेगा। बच्चों का मन पढ़ाई से हट सकता है। राजनीति से जुड़े लोगों को आज पार्टी में कोई अच्छा पद मिलेगा।

**मीन राशिः** आज आपका दिन बेहतर रहने वाला है। नकारात्मक सोच वाले लोगों से दूर रहने का प्रयास करें। आपके दांपत्य जीवन में हो रही अनबन आज समाप्त होगी। साइबर कैफ़े चला रहे लोगों को आज अच्छा मुनाफा होने के योग बने हुए हैं। आज आपके पिता कोई कार्य करने के लिए आपसे कहेंगे। आज आपका स्वास्थ्य फिट रहेगा।

---

व्यंग्य

# चरवाणी जी

*डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'*

*हमारे एक मित्र हैं। नाम तो कुछ और है लेकिन मैं उन्हें श्री चरवाणी जी ही कहकर बुलाता हूँ। बुलाऊँ भी क्यों न? बात ही ऐसी है। जब देखो तब चरवाणी जी साल के तीन सौ पैंसठ दिन, महीने के तीसों दिन, सप्ताह के सातों दिन और दिन के चौबीसों घंटे छिपकली की भांति मोबाइल रूपी दीवार पर चिपके रहते हैं। मानो मोबाइल, मोबाइल न हुआ उनकी जान हो गयी। अब उनके सारे मित्र फेसबुकिया हो गए हैं। हश्र यह है कि सात समंदर पार के मित्र से देर रात जागकर अपनी वार्तालाप की चटनी चाट लेंगे, लेकिन पड़ोस में रहने वालों को भाव तक न देंगे। रिश्तेदारियाँ सारी व्हाट्सप के अखाड़े में निभाते है। ट्विटर के ट्विट्स भूख मिटाने के निवाले हैं। गूगल का डूडल, प्ले स्टोर, ड्राइव उनके दिल की धड़कन बनकर धड़धड़ा रहे हैं। चाहे सड़क हो या फिर बहुमंजिला भवन की सबसे ऊँची मंजिल..स्थान से समझौता किए बिना अपनी उंगिलयों को मोबाइली की-पैड के स्टेज पर ब्रेक डांस करवाने में उनका कोई सानी नहीं है। कई बार एक्सिडेंट होते-होते बचे हैं। भले उन्हें दो-चार चोट लग गयी हो, लेकिन अपने मोबाइल पर डेंट तो दूर धूल तक पड़ने नहीं देते। वे अपना एक्सिडेंट सह सकते हैं, लेकिन मोबाइल का डेंट नहीं। गजब जमाने में अजब चरवाणी जी की बात ही निराली है। चरवाणी जी और मोबाइल का रिश्ता ठीक वैसा ही है जैसे रैदास का अपने प्रभु से। तुम चंदन हम पानी। जाकी बास अंग-अंग समानी। सॉफ्टवेयर मोबाइल में था, लेकिन हार्डवेयर चरवाणी जी का बदला था। माता-पिता की डाँट-फटकार का अब पहले जैसा असर नहीं था। घर पर बहन-बहनोई के आने पर बहाने ढूँढ़-ढूँढ़कर मोबाइल से चिपके रहते थे। कौन आ रहा है, कौन जा रहा है, क्या खा रहा है, क्या पी रहा है जैसी सभी बातों से बेखबर वे रोटी के आधे टुकड़े में गोल-गोल आँखें बनाकर अपने एंड्रायड को ढूँढ़ने की कोशिश करते। उनकी सारी सृजनशीलता समय का झोंका बनकर मोबाइल के वीडियो गेम, नए-नए पोर्न मसाले के बहाने छूमंतर हो जाते। मानो ऐसा लगा जैसे रतजगिया उल्लू चरवाणी जी के सामने सरेंडर हो गये हैं।*



*मोबाइल के चलते चरवाणी जी इतना विनम्र हो चले हैं कि मानो उनके दोनों हाथ कीपैड पर अभी चल पड़ेंगे। सीधी सादी गर्दन प्रभु मोबाइल के चरणों में झुक गयी है। इतनी भक्ति, इतना आध्यात्म शायद तुलसी ने भी राम के प्रति नहीं दिखायी होगी। प्रभु मोबाइल के चलते चरवाणी जी बिस्तर पर ही उठते-बैठते, खाते-पीते, टहलते-घूमते। मानो उन्होंने दुनिया मुट्ठी में कर ली थी। । कहीं बाहर जाना हुआ तो प्रभु मोबाइल को सौ प्रतिशत बैटरी का चढ़ावा चढ़ाए बिना नहीं निकलते। फूड एपों का खाना खाकर जो भी चर्बी चढ़ जाती, उसे ताश की रम्मी, कैंडी क्रश, टेंपल रन खेल-खेल कर रुपए-पैसे चढ़ाकर कम कर लेते। इतना सब होने के बावजूद चरवाणी जी की भक्ति में रत्ती भर की कमी नहीं आयी। उनके लिए प्रभु मोबाइल चंदन हैं, तो वह पानी हैं। प्रभु मोबाइल घन हैं, तो वे मोर हैं। प्रभु मोबाइल दीपक हैं, तो वे बाती हैं। प्रभु मोबाइल मोती हैं, तो वे धागा हैं। प्रभु मोबाइल स्वामी हैं, तो चरवाणी जी दास हैं। ऐसी भक्ति करने वाले पहले न कभी हुए थे, न हैं और न होंगे। जय बोलो प्रभु मोबाइल की...जय।*

*हो सकता है चरवाणी जी जानते नहीं हैं कि लंबे समय तक मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने से चेहरे पर हल्की-हल्की लाइनें और झुर्रियां आने लगती हैं। इसके कारण वे समय से अधिक उम्र की नजर आते हैं। बड़ी मुश्किल से तीस-चालीस के होंगे, लेकिन नजर तो पचपन के आते हैं। मोबाइल फोन पर ज्यादा देर तक चैटिंग या पढ़ने के दौरान वे मोबाइल की स्क्रीन पर लगातार देखते हैं जिसकी वजह से माथे पर सिलवटें साफ देखी जा सकती हैं। उन्हें क्या पता कि मोबाइल फोन से निकलने वाली ब्लू लाइट से त्वचा पर पिगमेंटेशन हो जाते हैं। रात में देर तक मोबाइल चलाने से उनकी आंखों पर ऐसा प्रभाव पड़ा है कि रोशनी धीरे-धीरे मद्धिम हो चली है। इसके अतिरिक्त उनकी नींद पर भी बुरा असर पड़ा है। यही कारण है कि उनकी आंखों के चारों ओर काले घेरे नजर आते हैं। मोबाइल फोन में कई तरह के किटाणु और बैक्टीरियां होते हैं जो आसपास के वातावरण से चिपक जाते हैं। यह बात तो उन्हें पता नहीं है। इसका खतरा एक अलग है। लंबे समय तक मोबाइल फोन का उपयोग करने से गर्दन में झुर्रियां पड़ गई हैं और गर्दन की त्वचा खुरदरी और मोटी दिखाई देती है। यह सच है कि अतरजाल एवं विज्ञान तकनीक ने मनुष्य को विभिन्न पहलुओं पर लाभ व सहायता तो प्रदान की है, परंतु साथ ही विभिन्न प्रकार की हानियाँ, विनाश, शारीरिक एवं मानसिक कष्ट भी पहुँचाया हैं। आधुनिक युग में मोबाइल पर इंटरनेट के आ जाने से उसके जितने लाभ हुए है उतनी ही विकृतियाँ मनुष्य के मस्तिष्क में और समाज में लगातार देखने मिल रही हैं। यह बात चरवाणी जी नहीं जानते। जानते भी हैं तो अनजान बनने का नाटक कर रहे हैं। जो भी चरवाणी जी की तरह कइयों की हालत इसी तरह की है। इससे हम और आप भी अछूते नहीं हैं।*

---

राजनीति

# मुख्तार की मौत: राजनीतिक संरक्षणदाताओं का विधवा विलाप !

मनोज कुमार अग्रवाल

यूपी के बांदा जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे माफिया मुख्तार अंसारी की ह्रदयाघात से मौत पर काफी सवाल उठाए जा रहे हैं । कभी दहशत और आतंक का पर्याय बना अपराध की दुनिया के बेताज बादशाह मुख्तार को पिछले तीन साल से मौत का भय सता रहा था जवानी की दहलीज पर कदम रखते ही संगीन हत्या को अंजाम देकर जरायम की दुनिया में कदम रखने वाले मुख्तार को लगातार इस बात का अहसास हो रहा था कि मौत दबे पांव उसकी ओर बढ़ी आ रही है पंजाब की जेल से बांदा यूपी की जेल में सख्त निगरानी में आते ही मुख्तार का सुख और मनमानी का समय हवा हो गया जिस पैसे ताकत और राजनीतिक संरक्षण के बूते पर उसने अपना आतंक का साम्राज्य स्थापित किया था वो अब उसके पहुंच से दूर जा रहे थे। गाजीपुर में मुख्तार अंसारी के परिवार की पहचान एक प्रतिष्ठित राजनीतिक खानदान की है. पहली बार मुख़्तार ने अपराध की दुनिया में साल 1988 में कदम रखा था. 25 अक्टूबर 1988 को आजमगढ़ के ढकवा के संजय प्रकाश सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने मुख्तार अंसारी के खिलाफ हत्या की कोशिश का मुकदमा दर्ज कराया था. हालांकि, अगस्‍त 2007 में इस मामले में मुख्तार दोषमुक्त हो गया थामुख्तार अंसारी की अपराध की कुंडली ऐसी थी कि जानकर रोंगटे खड़े हो जाएं, और इस अपराध की आड़ में उसने अकूत दौलत बनाई. उनके खिलाफ कुल 155 एफआईआर दर्ज की गईं।

देशभर के आठ राज्यों दिल्ली, पंजाब और उत्तर प्रदेश में मुख्तार अंसारी पर कुल 65 मामले दर्ज हैं. मुख्तार अंसारी पर हत्या, लूट, डकैती, अपहरण, रंगदारी, गैंगस्टर, रासुका जैसी विभिन्न जघन्य प्रकृति के अपराधों के ये मुकदमे हैं. इनमें पंजाब में एक और दिल्ली में तीन मुकदमे दर्ज हैं. बाकी मुकदमे उत्तर प्रदेश के गाजीपुर, वाराणसी, आजमगढ़ और मऊ सहित अन्य जिलों में दर्ज हैं. 19 साल से जेल में बंद मुख्तार अंसारी को पिछले डेढ़ सालों में आठ मामलों में सजा हो चुकी थी। मुख्तार के सबसे ज्यादा चर्चित मामलों में गाजीपुर में भाजपा विधायक कृष्णानंद राय की हत्या.मन्ना हत्याकांड के गवाह रामचंद्र मौर्य की हत्या.फर्जी तरीके से शस्त्र लाइसेंस लेने का केस.कांग्रेस के नेता अजय राय के भाई अवधेश राय की हत्या.मऊ में ए श्रेणी ठेकेदार मन्ना सिंह हत्याकांड.रामचंद्र मौर्य के बॉडी गार्ड सिपाही सतीश का मर्डर.26 फरवरी 1996 को गाजीपुर में,स्क्र शंकर जायसवाल पर जानलेवा हमला.1997 में पूर्वांचल के सबसे बड़े कोयला कारोबारी रूंगटा को अगवा करने का आरोप। रिपोर्ट्स के मुताबिक यूपी पुलिस के रिकार्ड में , 1988 में मुख्तार अंसारी का नाम क्राइम की दुनिया में पहली बार आया. मंडी परिषद की ठेकेदारी को लेकर स्थानीय ठेकेदार सच्चिदानंद राय की हत्या के मामले में मुख्तार का नाम सामने आया. इसके बाद मुख्तार ने कभी जरायम की दुनिया पीछे मुड़कर नहीं देखा. 90 के दशक से लेकर अब तक मुख्तार पर 65 मुकदमे दर्ज हुए. यूपी के गाजीपुर, वाराणसी, चंदौली, आजमगढ़, मऊ, सोनभद, लखनऊ, बाराबंकी और आगरा में लूट, डकैती, अपहरण, रंगदारी और हत्या से संबंधित धाराओं में मामले दर्ज हुए. इनमें सबसे ज्यादा मामले उसके गृह जिले गाजीपुर में दर्ज हैं. आठ मुकदमे ऐसे हैं, जो मुख्तार अंसारी के जेल रहने के दौरान दर्ज किए गए थे। कांग्रेस नेता अवधेश राय देश की 3 अगस्त 1991 को बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। 33 साल पहले हुए हत्याकांड ने यूपी में दहशत पैदा कर दी थी और मुख्य आरोपी के रूप में पहचान मुख्तार अंसारी की हुई। ये घटना वाराणसी के चेतगंज थाना क्षेत्र के लहुरा पीर इलाके में हुई थी।दूसरी सबसे चर्चित व दहलाने वाला मामला कृष्णानंद राय हत्याकांड है। एक पदस्थ विधायक की अंसारी ने अपने शूटरों से हत्या करवा दी थी, 400 से ज्यादा गोलियां चली थीं,एके-47 का इस्तेमाल किया गया था इस को बाद में बरामद किया गया। उस हत्याकांड में कुल 6 लोगों को मुख्तार अंसारी के आदमियों ने मौत के घाट उतार दिया था। इस रंजिश की कहानी साल 2002 में शुरू हुई थी। तब गाजीपुर जिले की मोहम्मदाबाद सीट पर सबसे बड़ा सियासी खेल हुआ था। जिस सीट को मुख्तार अंसारी का गढ़ माना जाता था, वहां से बीजेपी के कृष्णानंद राय ने बड़ी जीत हासिल की थी।





आपको बता दें कि 1990 के दशक में मुख्तार अंसारी ने अपना गैंग बना लिया. उसने कोयला खनन, रेलवे जैसे कामों में 100 करोड़ का काला कारोबार खड़ा कर लिया. फिर वो गुंडा टैक्स, जबरन वसूली और अपहरण के धंधे में आ गया था। उसका सिंडिकेट मऊ, गाजीपुर, बनारस और जौनपुर में एक्टिव था. पूर्वांचल में उस वक्त दो बड़े गैंग थे- ब्रजेश सिंह और मुख्तार अंसारी गैंग।दोनों में वर्चस्व की जंग थी मुख्तार अंसारी पर हत्या, हत्या के प्रयास, धमकी, धोखाधड़ी और कई अन्य आपराधिक कृत्यों में कुल 65 मामले दर्ज थे. इनमें से 18 मामले हत्या के थे. लेकिन इसके अलावा मन्ना हत्याकांड के गवाह रामचंद्र मौर्य की हत्या, मऊ में ए श्रेणी ठेकेदार मन्ना सिंह हत्याकांड, 1996 में गाजीपुर के एसपी शंकर जायसवाल पर जानलेवा हमला करना, 1997 में पूर्वांचल के सबसे बड़े कोयला कारोबारी रुंगटा का अपहरण, ये कुछ ऐसे जुर्म थे जिन्होंने प्रदेश को मुख्तार के आतंक से दहला दिया था। उसके खिलाफ लखनऊ, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, सोनभद्र, मऊ, आगरा, बाराबंकी, आजमगढ़ के अलावा नई दिल्ली और पंजाब में भी मुकदमे दर्ज थे. अंसारी के खिलाफ 2010 में कपिल देव सिंह की हत्या और 2009 में उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले में मीर हसन नामक व्यक्ति की हत्या के प्रयास मामले में आरोप साबित हो चुके थे। अक्टूबर 2005 में मुख्तार अंसारी पर मऊ जिले में हिंसा भड़काने का आरोप लगा. इसी दौरान मुख्तार अंसारी ने गाजीपुर पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया था। 2017 में योगी आदित्यनाथ की सरकार बनने के बाद ऐसे अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू हुई तो पुलिस और कानून का इकबाल बुलंद हुआ और अदालत ने अपना काम शुरू किया नतीजतन उसे की मामलों में सजा सुनाई गई।पंजाब की रोपड़ जेल से अपने गैंग को संचालित कर शान शौकत से जेल को आरामगाह बना चुके मुख्तार को वहां से बांदा जेल लाया गया और कड़ी निगरानी में रखा गया। योगी सरकार के शासन में उसकी करीब छह सौ करोड़ की सम्पत्ति भी जब्त की जा चुकी है। आपको बता दें कि मुख्तार की मौत पर परिवार से लेकर तमाम विपक्षी दल भी सवाल उठा रहे हैं, जिसके बाद इस मामले की न्यायिक जांच के आदेश दे दिए गए हैं. इस मामले में एक महीने के अंदर रिपोर्ट जमा करानी होगी। बांदा कोर्ट के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भगवान दास गुप्ता ने मुख्तार अंसारी की मौत की न्यायिक जांच के आदेश दिए है. इस मामले की जांच के लिए अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गरिमा सिंह को जिम्मेदारी दी गई है. प्रशासन को मुख्तार अंसारी के इलाज से लेकर तमाम जानकारियां तीन दिन में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं. एक महीने के अंदर जांच रिपोर्ट देनी होगी। मुख्तार अंसारी के परिवार की ओर से इस मौत को लेकर कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं. परिजनों ने जेल प्रशासन पर उन्हें धीमा जहर दिए जाने का आरोप लगाया है. इससे पहले कोर्ट में पेशी के दौरान मुख्तार अंसारी ने भी ऐसे ही आरोप लगाए थे. जिसके बाद से इस मामले पर कई तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं।दूसरी तरफ कई विपक्षी दल भी इसे लेकर प्रदेश सरकार को कठघरे में खड़ा कर रहे हैं. समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव बसपा सुप्रीमो मायावती एआइएमआइएम के प्रमुख असदुददीन औवेसी आदि ने मुख्तार की मौत को संदिग्ध बताते हुए कानून के शासन पर अंगुली उठाई है। हालांकि तमाम रिकार्डिंग और पोस्टमार्टम रिपोर्ट हार्टअटैक से मौत की पुष्टि कर रहे हैं। दहशत और आतंक के एक पहरूए का अंत हो गया है इस मौत को कुछ राजनीतिक रोटियां सेकने के ईच्छुक राजनीतिक दलों के नेता मुख्तार को धीमा जहर देने और उसकी मौत के पीछे साजिश की आशंका व्यक्त कर प्रदेश की योगी सरकार के खिलाफ बयान बाजी कर रहे हैं लेकिन इनमें ज्यादातर वहीं लोग हैं जिनका इस तरह के बड़े अपराधी माफियाओं पर हाथ रहा जिनके संरक्षण में अतीक मुख्तार मुन्ना बजरंगी जैसे दुर्दांत अपराधी माफिया पनपते रहे और प्रदेश में दहशत और अपराध का बोलबाला कायम हुआ था ।

## एक नजर

### भठेली के युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, कारण अज्ञात

**भखारा 30 मार्च।** नगर पंचायत भखारा भठेली के लेख राम साहू पिता शंकर लाल साहू उम्र -38 वर्ष ने घर के बाड़ी की आम के वृक्ष पर लगभग 10 बजे रात्रि से सुबह 4 बजे के मध्य में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया आसपास के लोगों के द्वारा सुबह इस घटना को देखने पर एवं उसके छोटे भाई द्वारा तत्काल भखारा थाना में घटना की सूचना दी गई । तत्पश्चात पुलिस घटना स्थल पहुँच कर शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और पोस्टमार्टम के बाद मृतक के शव को परिजन को सौंपा गया। युवक की आत्महत्या करने का कारण अज्ञात है ।

### आधार अपडेट कार्यालय में जमकर हंगामा

**भिलाई 30 मार्च।** रिसाली नगर निगम के आधार अपडेट कार्यालय में जमकर हंगामा हुआ। आरोप है कि अवकाश के दिन कार्यालय पहुंचे कांग्रेस के पार्षद ने तोड़फोड़ कर दी। आपरेटर ने पार्षद के खिलाफ नेवई थाने में शिकायत की है तोड़फोड़ से डेढ़ लाख रुपये के नुकसान का दावा किया गया है बताया जा रहा है कि रिसाली नगर निगम के वार्ड 16 के पार्षद विनय नेताम शुक्रवार को रिसाली नगर निगम स्थित आधार अपडेट कार्यालय पहुंचे अवकाश का दिन था आरोप है कि कांग्रेस के पार्षद विनय ने आधार अपडेट के आपरेटर अमरदीप साव से बहस शुरू कर दी आपरेटर ने आज अवकाश की बात कही तो पार्षद गुस्से से तमतमा गया और कार्यालय में रखा कंप्यूटस् तोड़ दिया।

### एल1 डिवाइस में अपग्रेड करना अनिवार्य

**रायपुर 30 मार्च।** भारत का अग्रणी शाखा रहित बैंकिंग और डिजिटल नेटवर्क, पेनियरबाय अपने सभी रिटेलर्स के लिए एक महत्वपूर्ण सलाह जारी की है जिसके अनुसार अब मौजूदा एलओ फिंगरप्रिंट प्रमाणीकरण डिवाइस को एल1 डिवाइस में अपग्रेड करना अनिवार्य है। यह अपग्रेड भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) द्वारा जारी हालिया दिशानिर्देशों के अनुपालन में है। निर्देश के अनुसार, सभी मौजूदा L0 डिवाइस कुछ महीनों में निष्क्रिय हो जाएंगे। नतीजतन, इस समय सीमा के बाद एईपीएस ट्रांसैक्शन L0 डिवाइस के माध्यम से संभव नहीं हो सकेंगे। समय सीमा के बाद, L0 डिवाइस इस्तेमाल करने वाले रिटेलर्स अपने एईपीएस व्यवसाय और संभावित आय को जोखिम में डाल सकते हैं। एल1 बायोमेट्रिक डिवाइस एक कॉम्पैक्ट और सुरक्षित समाधान के रूप में कार्य करता है।

# आयोग सख्त, निर्वाचन कार्य में छोटी सी गलती पड़ेगी भारी

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया चेकपोस्ट, मतदान केंद्रों और मतदान दलों के प्रशिक्षण का आकस्मिक निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उत्तर बस्तर कांकेर,30 मार्च।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत कांकेर लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 11 में आगामी 26 अप्रैल को मतदान होगा। जिले में इसकी तैयारियों का जायजा लेने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह ने आज चारामा, भानुप्रतापपुर और पखांजूर क्षेत्र में स्थित मतदान केंद्रों, चेक पोस्ट और प्रशिक्षण केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने मचांदूर स्थित अंतरजिला सीमावर्ती क्षेत्र चेक पोस्ट का निरीक्षण कर स्थैतिक निगरानी दल के प्रभारी अधिकारी को जरूरी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान यहां पर वीडियोग्राफर के अनुपस्थित रहने पर अनुबंधित एजेंसी को कारण बताओ नोटिस जारी कर दूसरे व्यक्ति को नियुक्त करने के निर्देश दिए। इसी तरह ग्राम मचांदूर और माहुद के मतदान केंद्रों में जाकर न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। इसके अलावा भानुप्रतापपुर और पखांजूर क्षेत्र का सघन दौरा कर निर्वाचन संबंधी गतिविधियों और तैयारियों का मुआयना कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह



आज सुबह 9.30 बजे जिले की सीमा से लगे ग्राम मचांदूर में बनाए गए चेक पोस्ट पर पहुंचे, जहां उन्होंने आने जाने वाले वाहनों की चेकिंग की जानकारी ली, साथ ही संधारित पंजी का अवलोकन किया। इस दौरान चेक पोस्ट पर तैनात वीडियोग्राफर अनुपस्थित मिला। इस पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर करते हुए अनुबंधित एजेंसी को कारण बताओ नोटिस जारी कर दूसरे वीडियोग्राफर की तत्काल तैनाती करवाने के निर्देश एसडीएम चारामा श्री राहुल रजक को दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी संदिग्ध वाहन बिना चेकिंग के गुजरना नहीं चाहिए। कलेक्टर ने इस दौरान सीसीटीवी कैमरा सहित विभिन्न पंजियों का अवलोकन भी किया। इसके बाद वे प्राथमिक शाला स्थित मतदान केंद्र मचांदूर और माहुद पहुंचकर पेयजल, बिजली, शौचालय और केंद्रों में छाया उपलब्ध कराने के संबंध में एसडीएम चारामा को आवश्यक निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चारामा पहुंचे जहां पर दिव्यांग, युवा, संगवारी और पिंक बूथ के मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर्स द्वारा दिया जा रहा था। प्रशिक्षण के दौरान समय पर उपस्थित नहीं होने वाले मतदान कर्मचारी श्रीमती मोनिका द्विवेदी, मोनिका सिन्हा, ममता श्रीवास्तव और इंदू पोटाई, बलराम जुड़ी, टीकमचंद सिन्हा और टोपेंद्र मंडावी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने प्रशिक्षण ले रहे सभी कर्मचारियों को साफतौर पर कहा कि वे निर्वाचन सर्वोच्च प्राथमिकता वाला दायित्व है और इसे हल्के में लेने की भूल ना करें, क्योंकि इस कार्य में की गई चूक के लिए माफी की कोई गुंजाइश नहीं रहती। इस दौरान कलेक्टर ने सभी ड्यूटीरत कर्मचारियों को डाक मतपत्र और कर्तव्य प्रमाण पत्र का प्रयोग नियमानुसार करने के निर्देश दिए। इसके बाद कलेक्टर ने भानुप्रतापपुर क्षेत्र के ग्राम रानवाही मतदान केंद्र और ग्राम सलिहाभाठा में प्रस्तावित पिंक बूथ का निरीक्षण कर आवश्यक सुविधाओं का जायज़ा लिया। इसके पश्चात उन्होंने मतदान दलों को दिए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुआयना कर मतदान अधिकारियों से निर्वाचन के दौरान आने वाली व्यावहारिक समस्याओं से जुड़े सवाल पूछे। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत कांकेर लोकसभा क्षेत्र में मतदान 26 अप्रैल को होगा। निर्वाचन जैसे अति महत्वपूर्ण दायित्व को बेहतर ढंग से निष्पादित करने मतदान दलों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में भानुप्रतापपुर स्थित विद्यालय में सेक्टर ऑफिसर, पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी क्रमांक 1, 2 और 3 को प्रशिक्षण दिया गया, जिसका अवलोकन करने जिला निर्वाचन अधिकारी प्रशिक्षण कक्ष में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण ले रहे मतदान अधिकारियों से मॉक पोल, ईवीएम से जुड़ी सीआरसी क्रिया और इडीसी-पोस्टल बैलेट की बारीकियों से संबंधित सवाल पूछे। कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन एक बड़ी जिम्मेदारी वाला चुनौतीपूर्ण कार्य है और इसे हल्के में ना लें और ना ही इसे लेकर अति विश्वासी बनें। उन्होंने मतदान के प्रत्येक बिंदु की सूक्ष्मता से जानकारी लेने और किसी प्रकार की शंका होने पर उच्चाधिकारी से पूछकर उसका समाधान करने की सलाह दी।

# एनएमडीसी लिमिटेड बचेली कॉम्प्लेक्स में स्वच्छता रैली का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बचेली 30 मार्च।** एनएमडीसी लिमिटेड बचेली कॉम्प्लेक्स में दिनांक 29 मार्च को स्वच्छता रैली का आयोजन संपन्न हुआ। एनएमडीसी बचेली के परियोजना प्रमुख श्री बी वेंकटेश्वरलु, अधिशासी निदेशक के मार्गदर्शन एवं एनएमडीसी बचेली के कार्मिक विभाग के तत्वावधान में यह आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक श्री बी वेंकटेश्वरलु ने अपने विचार व्यक्त करते हुए सभी को स्वच्छता के प्रति सजग रहने एवं समर्पण के भाव से सदैव अपने पूर्ण प्रयास करते रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हम जिस वातावरण में रहते हैं उसका स्वच्छ रहना हमारे स्वास्थ्य एवं मानसिक शांति के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। साथ ही, स्वच्छ वातावरण हमारा सामाजिक दायित्व भी है इसीलिए इसके प्रति हमें सदैव तत्पर रहना चाहिए एवं अपने ओर से हर संभव प्रयास करते रहना चाहिए।

स्वच्छता रैली में एनएमडीसी बचेली के सभी विभागों से कर्मचारी एवं अधिकारियों ने प्रतिभागिता की।



इस अवसर पर अधिशासी निदेशक श्री बी वेंकटेश्वरलु, श्री रबिंद्र नारायण, परियोजना प्रमुख (वर्क्स), श्री पी रामाय्यन, मुख्य महाप्रबंधक (उत्पादन), श्री धर्मेंद्र आचार्य, महाप्रबंधक (कार्मिक) टी जे शंकर राव, सचिव (एसकेएमएस), श्री एल रमेश, कार्यकारी अध्यक्ष (एमएमडब्ल्यूयू) तथा विभिन्न विभागाध्यक्षों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

ज्ञातव्य है कि एनएमडीसी लिमिटेड बीआईओएम बचेली कॉम्प्लेक्स दिनांक 16 मार्च से 31 मार्च तक अपने प्रधान कार्यालय के निर्देशानुसार स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है, जिसका आरंभ दिनांक 16 मार्च को स्वच्छता शपथ के साथ हुआ था। इस अवधि में स्वच्छता से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। स्वच्छता पखवाड़ा की अवधि में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों में विभिन्न विभागों और टाउनशिप के अन्य स्थलों की साफ सफाई हेतु क्लीनलीनेस ड्राइव विभिन्न प्रतियोगिताएं यथा; नारा लेखन, निबंध लेखन, अवेयरनेस टॉक आदि के आयोजन का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित करना है।

## समाचार संक्षेप

### माता भद्रकाली की छत्र यात्रा वापस पहुंची बीजापुर



**बीजापुर 30 मार्च।** दंतेवाड़ा. से भद्रकाली की छत्र छाया भद्रकाली मंदिर वापस बीजापुर मे जगह जगह पूजा आरती कर. स्वागत किया गया माता भ्रद्रकाली की छत्र यात्रा वापस पहुंची बीजापुर जहाँ नगर में जगह जगह माँता की पुजा आरती करने लोगों की उमड़ी भीड़ सर्वप्रथम माता का छत्र यात्रा बीजापुर नगर के दुर्गा मंदीर में हुआ पुजा आरती उसके पश्चात जैतालूर माता मंदीर में छत्र पुजा एव आरती किया गया फिर यात्रा पहुंची पेट्रोल पंप पामबोई आटो मोबाईल जहाँ जिले के गणमान्य नागरिक श्री संजय लुक्कड़ जी ने अपने परिवार सहित संतोष लुक्कड़ संदेश लुक्कड़ एवं पंप के कर्मचारियों संग किया पुजा आरती फिर फिर यात्रा ढोल नगाड़ो के साथ पुहुंची बीजापुर नगर के शिव मंदिर जहाँ रविशंकर शुक्ल ने परिवार सहित किया पुजा आरती तत्पश्चात मातजी का छत्र बस स्टेण्ड होते हुए पहुंचा सेन्टर बैंक के पास जहाँ आस पास के रहने वाले तमाम भक्त जनों ने पुजा आरती कर माता जी की यात्रा की बिदाई दी । गुमरगुंडा से पधारे महाराज जी ने बतायायह यात्राआज शाम भद्रकाली मंदिर मेंसमापन किया जाएगा।

### चार नकाबपोश घर में घुसे और डंडे से मारपीट कर लाखों के गहने व नगदी लूटकर फरार

**भिलाई 30 मार्च।** धमधा थाना क्षेत्र ग्राम पेण्ड्री (गोबरा) बुजुर्ग दंपति से लूट का मामला सामने आया है घटना 28 व 29 मार्च की दरमियानी रात की बताई जा रही है बुजुर्ग दंपति अपने घर पर सोए थे आधी रात को चार नकाबपोश घर में घुसे और डंडे से मारपीट कर लाखों के गहने व नगदी लूटकर ले गए इस मारपीट में बुजुर्ग दंपति को चोट भी आई। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया पुलिस ने आरोपी खिलाफ धारा 394, 457, 34 के तहत मामला दर्ज किया फिलहाल लूट की तलाश की जा रही है धमधा प्रभारी अजय सिंह ने बताया कि हाई स्कूल के सामने अपने ( 75 साल ) महिला बैसाखिन साहू अपने पति गन्नू राम साहू के साथ प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत बने आवास में रहती है रिटायर्ड दंपति पिछ्ले 10 वर्षों से पेंशन पर गुजारा कर रही है दंपति के दो बेटे हैं जो उनकी ढाई एकड़ जमीन पर खेती करते हैं वे बस्ती में अलग मकान में रहते हैं बैसाखिन साहू अपने पति के साथ नए मकान में थी खाना खाने के बाद दोनों सो गए आधी रात को घर के बाहर हलचल हुई चूंकि मकान नया बना है तो खिड़की में दरवाजा नहीं था बल्कि ईंटों से ढक दिया गया इस बीच खिड़की की ईंटे हटाकर चार लोग घर के भीतर दाखिल हुए इनमें से एक ने बुजुर्ग महिला का मुंह दबा दिया बीच बचाव करने पति आया तो उसके भी एक युवक ने पकड़ लिया घर में घुसे चारो चोर नकाब में थे और बांस के डंडे से मारपीट भी की एक बुजुर्ग महिला के मारपीट करते हुए गले से सोने की 5 नग पत्ती 1 तोला, नाक की सोने की फुल्ली 1 ग्राम, दोनो कान से सोने का खिनवा (टाप्स) 3-3 ग्राम, दोनों हाथ से चांदी की ऐंठी 20 तोला, कमर से चांदी का करधन 40 तोला, पैर से चांदी का लच्छा 40 तोला व घर पर रखा 10000 रुपए नगदी भी ले भागे मारपीट के कारण बुजुर्ग महिला के पति के सिर में चोट आई चोरों के भागने के बाद महिला ने पड़ोसी को आवाज देकर बुलाया और 108 एंबुलेंस की मदद से दोनों को अस्पताल ले जाया गया।

### कलेक्टर ने करवाया उचित मूल्य की दुकान में चावल बोरी का वजन

**जगदलपुर 30 मार्च।** कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. शुक्रवार को मतदान केंद्रों के निरीक्षण में निकले थे। कापानार मतदान केंद्र के समीप उचित मूल्य की दुकान में खाद्य सामग्री का भंडारण कार्य किया जा रहा था कलेक्टर पीडीएस दुकान में भंडारण कार्य का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने दुकान संचालक से भंडारण की सामानों की सूची दिखाने कहा और खाद्य सामग्री की मात्रा तथा वजन करवाने के निर्देश दिए। गुड, चना, शक्कर की मात्रा और वजन में कोई कमी नहीं मिली लेकिन मौके पर चावल की बोरियों का नाप करवाने पर निर्धारित मात्रा से कम पाया गया। इसके लिए कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर कर एसडीएम और नायब तहसीलदार को पंचनामा करवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर अपने साथ उक्त चावल बोरियों को लाकर केशलुर स्थित एफसीआई के गोदाम में दोबारा वजन का जांच करवाया।

### एसएसटी टीम ने जब्त किए साढ़े चार लाख रुपये

**धमतरी 30 मार्च।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश तथा पुलिस अधीक्षक श्री आंजनेय वार्ष्णेय के मार्गदर्शन में धमतरी शहर सहित जिले के सीमावर्ती थानों के अंतर्राज्यीय सीमा बॉर्डर चेक पोस्ट एवं एस.एस.टी., एफ.एस.टी.टीम को सख्ती से वाहन और संदिग्धों की जांच करने के निर्देश दिए गए है। इसी कड़ी में थाना अर्जुनी क्षेत्र में आमदी बार्डर ग्राम देवकोट में एस.एस.टी टीम द्वारा जांच के दौरान 28 मार्च की रात्रि बीजापुर से भिलाई रोड़ में जा रही वाहन क्र. सी.जी.07 ए वाय 2600 में एक कार से 4 लाख 50 हजार रूपये नगद (500 के 900 नोट) बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक से मिली जानकारी के मुताबिक कार में मनीष सिंह गौर सवार थे, किराए के कार से ड्राइवर के साथ बीजापुर से भिलाई जा रहे थे।

# एनएमडीसी के पूर्व कर्मचारियों के सम्मान में पोर्टल का अनावरण

**हैदराबाद,30 मार्च।** अपने आदर्श विचारों - नौकरी के साथ भी, नौकरी के बाद भी को मूर्त रूप देते हुए जिम्मेदार खनिक एनएमडीसी ने पूर्व कार्मिकों के लिए सम्मान पोर्टल लॉन्च करके डिजिटल नवाचार में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस पहल का शुभारंभ 28 मार्च को हैदराबाद में कंपनी के मुख्यालय में श्री अमिताभ मुखर्जी अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार) ने श्री विनय कुमार, निदेशक (तकनीकी), श्री बी. विश्वनाथ, सीवीओ, परियोजना प्रमुखों, मुख्यालय के विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में किया। भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक के रूप में, एनएमडीसी न केवल औद्योगिक उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध है बल्कि मानव संसाधन को भी अत्यधिक महत्व देता है जो इसकी सफलता का प्रमुख कारक है। ÷सम्मान÷ इस प्रतिबद्धता का एक सूचक है, जो पूर्व कर्मचारियों को विभिन्न चिकित्सा दावों का प्रबंधन करने, व्यक्तिगत प्रोफाइल, आश्रितों के विवरण और आवेदन की स्थिति देखने के लिए एक सहज, डिजिटल प्लेटफॉर्म ऑनलाइन प्रदान करता है। प्रयोक्ता अनुकूल इस पोर्टल को समय पर प्रतिपूर्ति और सभी सेवानिवृत्ति सेवाओं तक आसान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिससे एनएमडीसी के पूर्व कर्मचारियों को उनकी दहलीज तक आरामदायक और सुविधाजनक सेवा मिलती रहे।

लॉन्च के अवसर पर बोलते हुए श्री अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार) ने कहा, अपने पूर्व कर्मचारियों के जीवन को आसान बनाने की दिशा में योगदान करके हमें प्रसन्नता हो रही है। सम्मान सेवानिवृत्ति के बाद भी एनएमडीसी परिवार को परेशानी के बिना लाभ प्रदान करने की हमारी मूल भावना का प्रतिनिधित्व करता है। यह पहल उन लोगों के योगदान का सम्मान करने के हमारे विश्वास की पुष्टि करता है जो हमारी यात्रा का एक अभिन्न हिस्सा रहे हैं।

सम्मान की शुरूआत न केवल एनएमडीसी की डिजिटल यात्रा में एक नया अध्याय है, बल्कि एनएमडीसी परिवार के अतीत और वर्तमान के सभी सदस्यों के लिए एक देखभाल युक्त और समावेशी वातावरण को बढ़ावा देने के लिए कंपनी के समर्पण को भी मजबूत आधार प्रदान करता है।




# बस्तर प्रत्याशी महेश कश्यप का धुंआधार प्रचार, 40 लोग भाजपा में हुए शामिल

■ कांग्रेस ने बस्तर को धर्मांतरण का गढ़ बनाया : कश्यप

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 30 मार्च।** भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप ने शुक्रवार को अपने प्रचार प्रसार को बस्तर विधानसभा के बस्तर मंडल से प्रारंभ किया एवं कुडकनार, घाटकवाली, मुंडा पाल चोकर, मरलेंगा, करमरी, आडावाल, मावलीगुड़ा समेत डेढ़ दर्जन गांवों का दौरा एवं जनसंपर्क किया । कुड़कानार पहुँचने पर भाजपा प्रत्याशी का हुआ स्वागत, भाजपा की रीति नीति से प्रभावित हो कर 40 लोगों ने किया भाजपा प्रवेश इसी प्रकार कई गांव में श्री महेश कश्यप ने छोटी छोटी सभाएं की। श्री कश्यप ने कहा मै लोकसभा प्रत्याशी के रूप में आप सभी के बीच आया हु, अभी 3 माह पहले विधानसभा का चुनाव संपन्न हुआ जिसमें भाजपा की सरकार बनी है, दुर्भाग्यपूर्ण इस विधानसभा में भाजपा की जीत नही पायी है। मै छोटे से गांव का निवासी आप सभी के बीच मे आया हु, चाय बेचने वाला एक व्यक्ति जब देश का प्रधानमंत्री बन सकता है तो मुझ जैसे छोटा व्यक्ति भी स सांसद आप सभी के सहयोग से बन सकता है। कांग्रेस सिर्फ कांग्रेस लाओ गरीबी हटाओ बोलती रही लेकिन कभी गरीबी नहीं हटायी, छत्तीसगढ़ की जनता ने डॉ रमन सिंह को सत्ता में लाई और उनके कारण ही छत्तीसगढ़ के बस्तर के लोगो को पेट भरने के लिए योजना के तहत चावल मिलने लगा आज गांव में जितनी भी डामर सड़क दिखती है वह श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के कर्म है। स्वच्छ भारत के तहत सभी को शौचालय बनाने की योजना मोदी जी की देन है, ये सोने के बर्तन में खाना खाने वाले गाँधी परिवार गरीबो की दुखड़ा क्या जानेंगे ये लोग बस्तर क्षेत्र में मिशनरियों को प्रश्रय देने वाले लोग है, धर्मांतरण को बढ़ावा देने वाले लोग है, बस्तर को वामपंथ का गढ़ बनाने वाले लोग है ऐसे लोगों से इस बार बस्तर को बचाना है। कमल खिलाना है और आदरणीय मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। भाजपा नेता कमलचंद्र भंजदेव,शुभाऊ कश्यप, मनीराम कश्यप, आनंद मोहन मिश्रा,उद्धोराम नाग,ममता राणा, किरण सेन,किशन सेठिया, दयाराम बघेल,भुवनेश्वर ठाकुर,नारायण सिंह मौर्य,भरत कश्यप सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

### सभी मतदाता शत-प्रतिशत वोट देकर बनाएं आदर्श गांव : शलभ सिन्हा



**जगदलपुर 30 मार्च ।** लोकसभा निर्वाचन में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत शुक्रवार को बास्तानार विकासखंड के ग्राम बड़े काकलूर में स्वीप कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों और मतदाताओं को जागरूक करते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजय दयाराम के. ने कहा कि बिना डर भय, लोक लुभावन के प्रभाव से मुक्त होकर लोकतंत्र के पर्व में अपने मताधिकार का उपयोग करें, लोकसभा चुनाव के तहत 19 अप्रैल को मतदान दिवस में निर्भीक होकर क्षेत्र के विकास के लिए बेहतर प्रत्याशी को चुने। पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा ने मतदाताओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि चारों ओर प्राकृतिक सुन्दरता से पूर्ण बड़ेकाकलूर के सभी मतदाता शत प्रतिशत वोट देकर गांव को एक आदर्श गांव बनाएं। बिना लोभ व भय के अपने मन चाहा प्रत्याशी को मतदान करें। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित सभी ग्रामीणों को मतदान करने की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी श्री प्रकाश सर्वे, एसडीएम तोकापाल श्री सुब्रत प्रधान, जनपद सीईओ बास्तानार श्री राजीव नाग, सहायक नोडल स्वीप शरदचंद गौर,एपीओ नरेगा पवन सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# मतदान केंद्रों मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 30 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजय दयाराम के. ने शुक्रवार को दरभा और बास्तानार जनपद के बीसपुर, कापानार और बड़े काकलूर के मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर केंद्रों की मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उक्त मतदान केंद्रों में दो या चार जगहों के मतदान केंद्र बनाए गए है। मतदान केंद्र में सभी मतदाताओं की सुविधाओं के तहत परिसर में अलग-अलग केंद्र कक्ष, मतदाताओं के प्रवेश व निकासी की सुविधा, गर्मी के दिन को ध्यान रखने हेतु छाया, पेयजल व्यवस्था करने कहा गया। संवेदनशील क्षेत्र में उक्त मतदान केंद्र होने की स्थिति में सुरक्षा, मतदान दलों की रुकने की व्यवस्था का जायजा लिया गया। साथ ही आवश्यकता के आधार पर अस्थाई स्ट्रांग रूम की व्यवस्था के लिए भी जगह चिन्हांकित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा, जिला पंचायत सीईओ श्री प्रकाश सर्वे, एसडीएम तोकापाल श्री सुब्रत प्रधान, जनपद सीईओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। निरीक्षण दौरे में निकले कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने कोड़ेनार सीमा जांच नाका का आकस्मिक निरीक्षण कर चेक पोस्ट में तैनात स्थैतिक निगरानी दलों के कार्यों की विस्तृत जानकारी ली और स्थैतिक दलों को सभी वाहनों का सघन जांच किये जाने कहा। स्थैतिक निगरानी दलों को नकदी, आभूषण एवं शराब के अवैध परिवहन पर कड़ाई से जांच करने निर्देश दिए। साथ ही जांच की गई वाहनों की जानकारी, पंजियों के संधारण इत्यादि का अवलोकन भी किया और सतर्कता के साथ कड़ी निगरानी रखे जाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए।



### व्यय प्रेक्षक रामप्रभु उदाई ने ली अधिकारियों की बैठक

**धमतरी 30 मार्च।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र महासमुंद के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री रामप्रभु उदाई ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक ली। इस मौके पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों से जुड़े सभी गतिविधियों की जानकारी दी। व्यय प्रेक्षक श्री उदाई ने जिले में निर्वाचन दायित्व से जुड़े नोडल अधिकारियों से उनके द्वारा सम्पादित किए जाने वाले कार्यों के बारे में पूछा। इसके बाद उन्होंने कलेक्टोरेट स्थित सी-विजिल कक्ष का मुआयना कर अब तक प्राप्त शिकायतों और प्रक्रिया की जानकारी ली तथा वेब कॉस्टिंग कक्ष का निरीक्षण कर वीडियो का अवलोकन किया। इसके साथ ही जिला पंचायत में स्थापित लेखा टीम, वीवीटी, एमसीएमसी आदि का भी निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री रोमा श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक श्री आंजनेय वार्ष्णेय, अपर कलेक्टर श्री जी.आर.मरकाम सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### मतदाताओं में जागरूकता लाने खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**बीजापुर 30 मार्च।** जिला प्रशासन बीजापुर के द्वारा आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को मद्देनजर रखते हुए जिले में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने एवं मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता लाने के दृष्टिकोण से स्वीप कार्यक्रम अन्तर्गत 01 अप्रैल 2024 को अर्न्तविभागीय खेल रस्सा-कस्सी प्रतियोगिता का आयोजन जिला मुख्यालय के मिनी स्टेडियम बीजापुर में किया गया है। उक्त प्रतियोगिता में अधिकारी-कर्मचारी भाग लेंगे। रस्साकशी टीम के प्रतिभागियों के लिए ड्रेस कोड भी निर्धारित की गई है। सभी प्रतिभागियों को 01 अप्रैल सुबह 10:00 बजे मिनी स्टेडियम में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है।

### कहार भोई समाज कुरूद का होली मिलन आज

**कुरूद 30 मार्च।** छत्तीसगढ़ कहार भोई समाज कुरूद राज का होली मिलन कार्यक्रम रंगपंचमी के दिन दिनांक 30 मार्च दिन शनिवार को दोपहर 3 बजे से वार्ड नंबर सात वृंदावन सरोवर स्थित भगवान नर्मदेश्वर मंदिर के पास रखा गया है।इस अवसर पर कुरूद राज के सभी सामाजिक बंधु आपस में मिलकर स्नेह , समरसता , समन्वय ,सहयोग और भाईचारे का रंग लगाकर सामाजिक गतिविधियों को मजबूत बनाते हुए संगठन पर बल देंगे।समाज के अध्यक्ष सोहन कश्यप , सचिव-कोषाध्यक्ष खूबलाल नाग,प्रचार-प्रसारक मुकेश कश्यप और कोमेश्वर नाग ने इस कार्यक्रम में कुरूद राज के सभी पदाधिकारियों,राज पंचों, बड़े-बुजुर्गो,महिला मंडल,युवा सदस्यों ,बच्चों सहित समस्त समाज जनों को सादर आमंत्रित किया है।

### फेल्ड देयक 31 मार्च तक होंगे स्वीकार

**रायगढ़, 30 मार्च।** वरिष्ठ कोषालय अधिकारी, रायगढ़ ने समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को सूचित करते हुए कहा है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में फैल्ड हुए देयक जिनका अभी तक फैल्ड देयक तैयार कर संबंधित कोषालय/ उपकोषालय में प्रस्तुत नहीं किया गया है, वे सभी देयक 31 मार्च 2024 को शाम 5 बजे तक स्वीकार किए जायेंगे।

### अज्ञात शव की पहचान नहीं

**रायगढ़, 30 मार्च।** थाना प्रभारी थाना-जूटमिल रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार अज्ञात मृतक पुरूष उम्र करीब 35 से 40 वर्ष की मृत्यु 22 मार्च 2024 के दरम्यानी रात ग्राम-नेतनागर उड़िसा नेशनल हाईवे रोड में किसी अज्ञात भारी वाहन चालक के द्वारा मृतक को एक्सीडेन्ट कर कुचल देने से मृतक का शव क्षत-विक्षत हालत में होने की सूचना पर मौके पर जाकर फोटोग्राफी किया गया है।

# फ्लाइंग स्क्वाड प्राप्त शिकायतों पर करें त्वरित कार्रवाई : कलेक्टर

## प्रचार सामग्री वाहनों की जांच के समय वैध दस्तावेज के रूप में टैक्स इनवाइस अथवा ई-वे बिल होना जरूरी

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 30 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल की उपस्थिति में फ्लाइंग स्क्वायड टीम, जीएसटी एवं स्थैतिक निगरानी टीम को प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी हैं। आगामी होने वाले लोकसभा निर्वाचन में मतदाताओं को लुभाने, प्रभावित करने वाले सामग्रियों पर सख्ती से कार्यवाही करें। जिसके लिए सभी फ्लाइंग स्क्वायड टीम नियमित कार्यवाही करते हुए रिपोर्टिंग करें। इसके साथ ही मिलने वाले शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करें। उन्होंने सभी टीमों को समन्वय से कार्य करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव कुमार पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ऋषा ठाकुर, एसडीएम श्री प्रवीण तिवारी, डिप्टी कलेक्टर श्री समीर बड़ा सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि जिले में निर्वाचन के मद्देनजर कैश, ज्वेलरी, शराब एवं प्रलोभन सामग्रियों का परिवहन हो सकता है, लिहाजा सभी टीमें मुश्तैदी के साथ कार्य करें। इस दौरान उन्होंने जीएसटी विभाग से जिले में स्थित वेयर हाउस, गोडाउन के संबंधित जानकारी लेते हुए गारमेंट्स, किचन सामग्री, स्पोर्ट्स समान के अवैध भंडारण की मौके पर जांच एवं कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जिला अंतर्राज्यीय सीमा से लगा हुआ है। अतः बॉर्डर से किसी भी प्रकार का अवैध शराब परिवहन नहीं होना चाहिए। इसके अलावा शॉपिंग साईट पर नजर रखने एवं बल्क में होने वाले डिलीवरी पर जांच के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण में उपस्थित अधिकारियों के शंका का समाधान भी किया।

जीएसटी अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन में प्रलोभन के लिए दी जाने वाली मुफ्त की वस्तुएं जैसे कपड़े, जूते, किचन समान आदि के परिवहन वाहनों की जांच के समय वैध दस्तावेज के रूप में टैक्स इनवाइस अथवा ई-वे बिल होना आवश्यक हैं। उन्होंने दोनों बिलों के जांच के संबंध में उपस्थित अधिकारियों को विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण में एफएसटी को सी-विजिल के उपयोग करने संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश के साथ ही किए गए कार्यवाही को इएसएमएस (इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम) में अपडेट करने के संबंध में जानकारी दी गई। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि जांच के फलस्वरूप कैश वस्तुओं के जप्त होने की स्थिति में संबंधित व्यक्ति वैध दस्तावेज के साथ कलेक्टोरेट के कक्ष क्रमांक 21 में उपस्थित होकर अपील प्रस्तुत कर सकते हैं। आयोजित प्रशिक्षण में कलेक्टर श्री गोयल ने एफएसटी, एसएसटी को निर्देशित किया कि कार्य के दौरान निष्पक्षता तथा सामान्य शिष्टाचार का ध्यान रखा जाए।

कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि वाहनों की जांच के दौरान वीडियोग्राफी सुनिश्चित करें। संदिग्ध व्यक्ति अथवा बड़ी रकम मिलने पर सोर्स की जानकारी ले एवं संदेह होने पर संबंधित टीम से समन्वय करते हुए कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि धार्मिक एवं राजनीतिक आयोजन हेतु एसडीएम की अनुमति अनिवार्य है। फ्लाईग स्क्वायड टीम ऐसे आयोजन में प्राप्त अनुमति की जांच सुनिश्चित करें। इसके साथ ही बैंकों के क्यूआर लगे कैश वाहनों के मूवमेंट को प्रभावित किए बिना जांच सुनिश्चित किया जाए।

# प्रथम चरण में 750 मतदान अधिकारियों ने लिया प्रशिक्षण

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 30 मार्च ।** लोकसभा आम निर्वाचन के लिए मतदान दलों को प्रथम चरण का प्रशिक्षण आज 29 मार्च एवं 02 अप्रैल को दो चरणों में पीठासीन अधिकारी सहित अन्य मतदान अधिकारी कुल 1500 मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण स्वामी आत्मानंद स्कूल बीजापुर में आयोजित होगा। आज के प्रशिक्षण में कुल 750 मतदान अधिकारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त कर मतदान की समस्त प्रक्रियाओं से अवगत हुऐ जिसमें ईव्हीएम मशीनों, मतपत्र लेखा, मॉकपोल विभिन्न प्रकार के लिफाफों का उपयोग, मतदाता सूची सहित मतदान की सम्पूर्ण प्रक्रिया का बारिकी से प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर द्वारा दी गई। मशीनों के उपयोग के संबंध में विडियो, पीपीटी के माध्यम से शंकाओं का समाधान किया गया। प्रशिक्षण में पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक 01, 02 एवं 03 के कार्यो की जानकारी सहित सभी आवश्यक जानकारी देते हुऐ ईव्हीएम मशीनों का सिलींग इत्यादि प्रक्रियाओं का बारी-बारी से हैण्ड्स ऑन कराया गया। मतदान अधिकारियों के विभिन्न शंकाओं का समाधान भी किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग पाण्डेय ने प्रशिक्षण का अवलोकन कर मतदान अधिकारियों को आवश्यक मार्गदर्शन देते हुए सभी प्रक्रियाओं को भलिभांति समझने, निष्पक्ष होकर निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन कर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की समझाईश दी गई। छोटी सी गलती पूरे टीम के लिए नुकसानदायक हो सकती है, इसलिए गंभीरता से प्रशिक्षण ले जो बातें समझ में नहीं आए उसको बार-बार पूछकर अपने शंका का समाधान करें और पूर्ण रूप से प्रशिक्षित होकर ही जाए और टीम भावना से आपसी समन्वय के साथ निर्वाचन/मतदान का कार्य सम्पन्न कराने के लिए अग्रिम शुभकामनाएं भी दिए। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर श्री कैलाश वर्मा, सहायक रिटर्निंग अधिकारी श्री जागेश्वर कौशल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नारायण प्रसाद गवेल, डिप्टी कलेक्टर श्री उत्तम सिंह पंचारी, श्री दिलीप उईके, मास्टर ट्रेनर श्री सीके रंहगडाले सहित जिला शिक्षा अधिकारी उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### माओवादियों के लगाए आईडी बम की चपेट में आने से ग्रामीण घायल



**बीजापुर 30 मार्च।** ग्राम कचिलवार थाना नैमेड निवासी गुड्डू लेकाम निजी काम से चेरला तेलंगाना गया हुआ था और दिनांक 11.3.24 को वापस अपने घर ग्राम कचिलवार थाना नैमेड आने के लिए पैदल ही जंगल के रास्ते वापस निकला जब वह इतावर गांव के पास पहुंचा ही था कि शाम 7:30 बजे के आसपास नक्सलियों द्वारा पुलिस को जान से मारने व नुकसान पहुंचाने की नीयत से लगाए गए आईडी बम की चपेट में गुड्डू आ गया और पूरी तरह से घायल हो गया। घायल होने के पश्चात माओवादी/ नक्सली उसे वहीं बंधक बनाकर दिनांक 28 तारीख तक छुपा कर रखे थे गुड्डू के परिजनों को घटना का पता चलने पर गाँव वालों के साथ जाकर गुड्डू लेकाम को इतावर से वापस लाकर जिला अस्पताल में भर्ती किये।जहां उसकी हालत गंभीर होने व दोनों पैर जख्मी होने से बेहतर इलाज के लिए रायपुर रिफर किया जा रहा है । घटना पर थाना बीजापुर मे माओवादियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

### जिले के सभी विकासखंडों में चला मतदाता जागरूकता अभियान



**रायगढ़, 30 मार्च।** निर्वाचन की प्रक्रिया में एक जिम्मेदार मतदाता की भूमिका निभाते हुए आगामी लोकसभा निर्वाचन में 07 मई को शत-प्रतिशत वोटिंग के लिए प्रेरित करने कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन और स्वीप के नोडल अधिकारी सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में जिले के सभी गांवों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जहां लोगों ने निर्वाचन में अपने मताधिकार का उपयोग करने के साथ अपने परिवार और आस-पास के सभी मतदाताओं को वोटिंग के लिए शपथ ली। स्वीप कार्यक्रम के तहत गांवों में लोगों ने सामूहिक शपथ के साथ रैली भी निकाली। रंगोली बनाकर 7 मई को अपने मताधिकार का उपयोग करने का संदेश दिया गया। इस आयोजन में वरिष्ठ मतदाताओं, महिलाओं के साथ युवा भी शामिल हुए। गौरतलब है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 हेतु घोषित कार्यक्रम के अनुसार रायगढ़ लोकसभा के लिए तृतीय चरण में मतदान होगा। जारी कार्यक्रम के अनुसार 12 अप्रैल 2024 को अधिसूचना का प्रकाशन किया जाएगा। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 19 अप्रैल 2024 है। 20 अप्रैल 2024 को नामांकन पत्रों की संवीक्षा की जायेगी। 22 अप्रैल 2024 नाम वापसी की अंतिम तिथि है। मतदान 07 मई 2024 को होगा और 04 जून 2024 को मतगणना होगी।

### पुलिसकर्मियों का दो दिवसीय जिला स्तरीय निर्वाचन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**रायगढ़, 30 मार्च।** निर्वाचन आयोग छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर, रेंज बिलासपुर के दिशा निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक रायगढ़ के मार्गदर्शन पर जिले के पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों के लिये दो दिवसीय चुनावी प्रशिक्षण का आयोजन पुलिस नियंत्रण कक्ष रायगढ़ में किया गया था। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी धरमजयगढ़ सिद्धांत तिवारी, उप पुलिस अधीक्षक यातायात रमेश चंद्रा तथा थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक राकेश मिश्रा द्वारा कार्यशाला में उपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों को मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पुलिसकर्मियों को आदर्श आचार संहिता एवं सुरक्षा प्रबंध के संबंध में पुलिस अधिकारियों के कर्तव्य, निर्वाचन के पूर्व, निर्वाचन दिवस तथा निर्वाचन के पश्चात पुलिस के द्वारा की जाने वाली कार्यवाही, ईवीएमए व्हीव्ही पेट की सुरक्षा, सुरक्षा बलों का डिप्लायमेंट, संवेदनशील मतदान केन्द्रों की जानकारी, उनकी निगरानी, फ्लाइंग स्क्वायड, स्थैतिक निगरानी दल की कार्यवाही तथा चुनाव सेल की कार्यवाही संबंधी विषयों पर मास्टर ट्रेनरर्स ने जानकारी दिया गया। दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के सभी थाना, चौकी प्रभारी, एफएसटी एवं एसएसटी में लगे पुलिसकर्मियों के साथ थाना चौकी के स्टाफ सम्मिलित हुए।



# मतदान लोकतंत्र की आधारशिला है: टॉमसन रात्रे

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**महासमुंद 30 मार्च।** लोकसभा चुनाव में शतप्रतिशत मतदान का लक्ष्य हासिल करने शुक्रवार को महासमुंद नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे ने शहर के व्यापारी संघ के पदाधिकारियों की बैठक ली। बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने निर्वाचन में मतदान का महत्व बताते हुए सभी व्यापारी संघ के प्रतिनिधियों से मतदाता जागरूकता अभियान में भागीदारी सुनिश्चित करने का अनुरोध किया। उन्होंने स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव और मतदान में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ भी दिलाई। श्री रात्रे ने कहा कि मतदान लोकतंत्र की आधारशिला है। यह नागरिकों को अपने प्रतिनिधियों को चुनने और निर्णय लेने की प्रक्रिया में भाग लेने के अधिकार का प्रयोग करने की अनुमति देता है। मतदान एक निष्पक्ष और पारदर्शी चुनावी प्रक्रिया सुनिश्चित करता है। उन्होंने कहा कि नगर में शतप्रतिशत मतदान का लक्ष्य हासिल करने के संकल्प में व्यापारियों की भी भूमिका महत्वपूर्ण होती है। व्यापारी संघ के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा सकता है। उन्होंने व्यापारी संघ के पदाधिकारियों को प्रतिष्ठानों में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने की बात कही। इस अवसर पर स्वीप कार्यक्रम के सहायक नोडल अधिकारी रेखराज शर्मा, जिला चेंबर आफ कामर्स के अध्यक्ष शंभु साहू, मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद चन्द्राकर, फुटकर व्यापारी संघ के अमर पाल सिंग, यशवंत प्रसाद दुबे, प्रीतम सिंग, संतोष कुमार गुप्ता, भारत लाल खत्री, विक्की गुरूदत्ता आदि मौजूद रहे।

आगामी 26 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव में शहर में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने नगर पालिका पूरा जोर लगा रही है। स्वीप कार्यक्रम के तहत नपाकर्मी वार्डो में जाकर मतदाताओं को अनिवार्य रूप से वोट डालने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। गुरुवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे के निर्देश पर आज स्वच्छता दीदीयो ने मतदाता जगरूकता रैली निकालकर स्लोगन के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया। तथा गुरु घासीदास बस स्टेंड में मतदाताओं को वोट करने की शपथ दिलाई। इस दौरान प्रमुख रूप से स्वच्छ भारत मिशन के नौशाद बक्श, रमा महानंद, टिकेश्वरी मिरी, हेमलता शर्मा, प्रिया दुबे, मोहनदास मानिकपुरी, अजय प्रधान, परमेश्वर निर्मलकर, अजय घृतलहरे, संतोष कन्नौजे, आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस महतारी वंदन योजना को लेकर झूठा प्रचार कर रही: रूपकुमारी

**महासमुंद 30 मार्च।** भारतीय जनता पार्टी की लोकसभा प्रत्याशी और पूर्व संसदीय सचिव रूपकुमारी चौधरी ने कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं में अड़ंगा डालकर, गरीब परिवारों के आवास रोककर, गरीबों के राशन और चावल तक में घपला कर अपने पूरे कार्यकाल में सरकारी खजाने में डाका डालने में मशगूल रहे कांग्रेसी अब मिथ्या प्रलाप कर रहे हैं। श्रीमती चौधरी ने कहा कि पाँच साल तक महिलाओं को 500 रुपए देने का वादा करके पाँच रुपए तक नहीं देने वाली कांग्रेस अब मोदी की गारंटी के तहत प्रदेश की भाजपा सरकार की शुरू हो चुकी महतारी वंदन योजना को लेकर झूठा प्रचार कर रही है। भाजपा की महासमुंद लोकसभा प्रत्याशी श्रीमती चौधरी ने कहा कि महतारी वंदन योजना को लेकर कांग्रेस का प्रलाप दरअसल उसकी खिसियाहट का परिणाम है, क्योंकि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के गृहलक्ष्मी योजना में 1500 रु. हर माह देने के वादे पर छत्तीसगढ़ की मातृशक्ति ने रत्तीभर भरोसा नहीं किया और अब हर साल महिलाओं को एक लाख रुपए देने का वादा परवान नहीं चढ़ रहा है। श्रीमती चौधरी ने कहा कि कांग्रेसियों को महतारी वंदन योजना की चिंता नहीं करनी चाहिए क्योंकि यह राहुल गांधी की हवा-हवाई जुमलेबाजी नहीं, मोदी की गारंटी है और कांग्रेसी यह याद रखें कि मोदी की गारंटी यानी गारंटी पूरी होने की गारंटी है। कांग्रेस पार्टी हार की हताशा में बौखला चुकी है और कांग्रेस में अब चहुँओर निराशा है। कांग्रेस के लोगों को समझ नहीं आ रहा है कि अब वे क्या बोलें?

भाजपा प्रत्याशी श्रीमती चौधरी ने कहा कि 3 महीने के अत्यल्प कार्यकाल में ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा की प्रदेश सरकार ने जिस प्रकार का काम किया है, उससे भी कांग्रेस पार्टी साँसत में है कि इतने बड़े-बड़े काम, इतनी सारी मोदी की गारंटी इतने कम दिनों में कैसे पूरी हो गई? इसलिए अब जो काम हो गया है उस पर तो कोई टिप्पणी कांग्रेस नहीं कर पा रही है और अब वह आगे की बात करने में लग गई है और फिजूल की आशंकाएँ जताकर प्रदेश को झाँसा देने की ओछी राजनीति कर रही है। श्रीमती चौधरी ने कहा कि अगर भविष्य की ही बात करने में कांग्रेस पार्टी विश्वास रखती है तो भाजपा यह भविष्यवाणी करती है कि कांग्रेस छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटें हारने वाली है, जो कांग्रेस को भी पता है। इतना ही नहीं, पूरे भारत में कांग्रेस का प्रदर्शन अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन रहेगा और प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में प्रचंड बहुमत से फिर भाजपा-एनडीए की सरकार बनेगी।

### 12 अप्रैल को नकुल देव ढीढी की जयंती, सीएम साय होंगे शामिल

**महासमुंद 30 मार्च।** छग के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 12 अप्रेल को जिले के महासमुंद ब्लॉक के नगर पंचायत तुमगांव में छग सतनामी समाज मुक्ति केंद्र महासमुंद द्वारा दादा नकुल देव ढीढ़ी के जयंती पर मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारी को लेकर बैठक ली। बैठक में पदाधिकारीयों के द्वारा समस्त जिला के सतनामी समाज के लोगों से आव्हान करते हुए कहा कि सामाजिकजन अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। बैठक में उपस्थित समाज के प्रदेश संरक्षक त्रिभुवन महिलांग (पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष), प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र ढीढी, कार्यकारी अध्यक्ष एडवाकेट संतोष मारकंडे, उपाध्यक्ष पुरानिक निराला, उपदेश मारकंडे, किशोर सोनवानी, प्रदेश सचिव अनिल ढीढी, भवन ढीढी, मन्नाडे सर, प्रकाश टंडन, प्रदेश महामंत्री देवकुमार टंडन, केडी टंडन, अरविंद प्रहरे, गिरधर आवडे, किशुन पाटले, जिलाध्यक्ष सत्यानंद जेन्द्रे, उपाध्यक्ष हीरालाल जोगी, सीएल टंडन (बसना), कोसारिया गुरू ( सेवाती) महिला प्रकोष्ट जिलाध्यक्ष नितुरानी बांधे, उपाध्यक्ष शकुंतला व्यवहार, शाखा झलप अध्यक्ष महेंद्र कोसरिया, उपाध्यक्ष नुप नरेंद्र बाघमारे, मयाराम टंडन, कोषाध्यक्ष रामेश्वर भारती, सचिव डुनेश्वर प्रसाद टंडन, चैतू मारकंडे, राजेंद्र जांगड़े, महामंत्री पुरन मारकंडे, नान बाघमारे, रेवाराम कुर्रे, बिरसिंग बंजारे, अश्वनी टोंड्र, धनेश गायकवाड, किशन कोसरिया, नंदकुमार कुर्रे, आनंद कुर्रे, ओमप्रकाश सोनवानी, आसराम बंजारे, काशी राम बघेल, रूपराम कोसरिया, पवन लहरे, नेमीचंद बारले, रविदेव बारले, विशाल मन्नाडे, आनंद ढीढी, डायमन कोसरे, धनेश्वर लहरे समेत अन्य मौजूद रहे।

## होली के रंग लोकतंत्र के संग स्वीप कार्यक्रम के तहत होली मिलन समारोह का आयोजन

# चुनाव का पर्व देश का गर्व, स्वीप होली सेल्फी में मतदाताओं ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा







तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 30 मार्च।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने व्यापक स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप कार्यक्रम÷ कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग पाण्डेय के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इसी क्रम में आज नोडल अधिकारी एवं सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार की उपस्थिति में स्वीप होली का आयोजन जिला पंचायत में वृहद रूप से किया गया जिसमें मतदाताओं को अपने मताधिकार का उपयोग कर मजबूत एवं सशक्त लोकतंत्र बनाने की अपील की गई। लोकतंत्र के रंग मतदान के संग थीम पर आयोजित स्वीप होली में बने चुनाव का पर्व देश का गर्व सेल्फी जोन में अधिकारी-कर्मचारी एवं मतदाताओं ने बढ़ चढ़कर सेल्फी ली। सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप के नोडल अधिकारी श्री हेमंत रमेश नंदनवार ने बिना डर भय के निष्पक्ष होकर अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील जिले के मतदाताओं से की। इस अवसर पर रंग-गुलाल से सराबोर होकर अधिकारी-कर्मचारियों एवं मतदाताओं ने स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं भयमुक्त होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संकल्प लिया और सभी मतदाताओं से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की गई है।



## एक नजर

### 19 अप्रैल से 1 जून तक एग्जिट पोल के आयोजन और प्रसारण पर प्रतिबंध

**बलौदाबाजार, 30 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारत निर्वाचन आयोग ने आगामी 19 अप्रैल से 1 जून तक किसी भी तरह के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया है। आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी करते हुए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के प्रावधानों के तहत इस अवधि के दौरान किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना में उल्लेखित है कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत 19 अप्रैल 2024 को प्रातः 7 बजे से 1 जून 2024 की शाम साढ़े छह बजे तक की अवधि में लोकसभा आम निर्वाचन के संदर्भ में किसी भी तरह के एग्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से उसका प्रचार-प्रसार करने पर प्रतिबंध होगा। आयोग ने अधिसूचना में यह भी स्पष्ट किया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 (1) (ख) के अधीन लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत संबंधित लोकसभा क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय पर समाप्त होने वाली 48 घंटों की अवधि के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा।

### 7 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ कोचिया गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 30 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अभियान सृजन के तहत उप पुलिस महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा जिले में सभी प्रकार के नशे विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है, उक्त निर्देशो के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी निरीक्षक केसर पराग के निर्देशन में थाना लवन पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड कार्यवाही लगातार जारी है। इसी कम में 28 मार्च को थाना लवन से प्र0आर0 रामकृष्ण पटेल आर0 भुनेश्वर कोसले की पुलिस टीम द्वारा ग्राम सिरसाही में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले एक शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से 07 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमत 1400 रू. जप्त किया गया है। आरोपी के विरूद्ध थाना लवन में अप.क. 166/24 धारा 34(2) आब0 एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध की गई है।

### कोतवाली पुलिस ने मानसिक रोगी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया



**बलौदाबाजार, 30 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मानसिक रोगी प्रदीप कुमार निषाद पिता पहर निषाद उम्र 34 साल साकिन डमरू थाना सिटी कोतवाली जो अत्यधिक शराब सेवन के कारण मानसिक रूप से विक्षुप्त हो गया था जो अपने परिवार एवं आस पास के लोगो के पास उपद्र व्यवहार करता था जिसे परिवार जनो के द्वारा थाना में शिकायत करने पर मानसिक रोगी प्रदीप का प्रारंभिक जांच परीक्षण जिला चिकित्सा अधिकारी बलौदाबाजार से कराने पश्चात मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय में पेश करने पर न्यायालय के द्वारा मनोरोग चिकित्सक सेंदरे बिलासपुर में दाखिल करने का आदेश प्राप्त होने पर आरक्षक 914 नंदकिशोर यादव के द्वारा मानसिक उपचार केंद्र सेंदरी बिलासपुर में दाखिल कराया गया।

# विदाई एवं सम्मान से अभिभूत छात्रों ने बीच में पढ़ाई नहीं छोड़ने की ली शपथ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 30 मार्च।** रुहा राम वर्मा शास पूर्व माध्यमिक शाला नेवरा क्रमांक 1 में शाला के प्रधान अध्यापक विनोद कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में विदाई एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया इसमें मुख्य अतिथि डॉक्टर राजेश कुमार चांदनी प्राचार्य (बी एन बी स्कूल नेवरा) विशिष्ट अतिथि जे के जेहोआश सर जी(व्याख्याता बीएनबी नेवरा)उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन कक्षा सातवीं का छात्र लक्ष्मण धीरे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आठवीं कक्षा के छात्रों ने अपने पहली कक्षा से लेकर आठवीं कक्षा तक के अनुभवों को साझा किया जिसमें उन्होंने अपने शिक्षा एवं मार्गदर्शन तथा अच्छे जीवन के लिए शिक्षकों को श्रेय दिया। तत्पश्चात डॉक्टर चांदनी सर ने कक्षा आठवीं के छात्रों को शुभकामना संदेश दिया एवं उनके अच्छीजीवन एवं शिक्षा के लिए मार्गदर्शन देकर शुभकामनाएं दी। जेहोआश सर ने भी छात्रों को उदबोब्धित किया एवं शुभकामनाएं दी। शाला के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी कक्षा आठवीं के छात्र-छात्राओं को अपनी शुभकामनाएं दी तथा उन्हें कभी भी पढ़ाई ना छोड़ने की हिदायत दी।

कक्षा सातवीं के छात्रों ने भी शुभकामना संदेश कक्षा आठवीं के छात्रों को दिया एवं कक्षा आठवीं के छात्रों ने भी सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को एवं छात्रों को धन्यवाद कहा सम्मान समारोह कार्यक्रम में शाला के विभिन्न छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रतिभाओं के लिए पुरस्कृत किया गया जैसे नियमित उपस्थिति के लिए निधि वर्मा अनुशासन कुमारी जानकी पटेल कबाड़ से जुगाड़ कुमारी शिवानी यादव, अच्छी लिखावट उत्कृष्ट लिखावट हेतु कुंदन निषाद, सहयोगात्मक कार्य हेतु डिगेश्वरी निषाद, चित्रकला हेतु स्वाति वस्तरकार हरबेरियम फाइल हेतु गीतांजलि निषाद को पुरस्कृत किया गया तत्पश्चात शाला में सर्वश्रेष्ठ छात्रा हेतु कुमारी कुमकुम चौहान को प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। आठवीं के छात्रों द्वारा स्कूल को म्यूजिक बाक्स प्रदान किया। छात्रों ने कक्षा सातवीं द्वारा बनाए गए सेल्फी जोन एवं स्वल्पाहार का आनंद लिया। आभार प्रदर्शन प्रधानपाठक विनोद वर्मा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संगीतारानी जेहोआश, सविता वर्मा, कामिनी देवांगन, संध्या वर्मा, रूपाली शर्मा व उमा निषाद का विशेध योगदान रहा।



### लोकसभा निर्वाचनः कलेक्टर एवं एसपी ने शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए राजस्व एवं पुलिस विभाग की ली बैठक

# सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन व नियमों का कड़ाई से पालन करने के दिए निर्देश

- स्वतंत्र व निष्पक्ष निर्वाचन के लिए ली गई शपथ
- अवैध शराब, नगदी एवं अन्य सामग्री परिवहन तथा ध्वनि प्रदूषण पर होगी कड़ी कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 30 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के. एल. चौहान ने शुक्रवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 के सुचारू एवं शांतिपूर्ण संचालन के लिए राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानन्द कुमार भी उपस्थित थे। इस अवसर पर कलेक्टर चौहान ने स्वतंत्र व निष्पक्ष निर्वाचन के लिए शपथ दिलाई।

कलेक्टर चौहान ने कहा कि जिले में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के कार्यक्रमों की घोषणा के साथ ही आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है, इसका कड़ाई से पालन करें। उन्होंने कहा कि आदर्श आचरण संहिता लागू होते ही भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर दिया गया है।भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए सभी अधिकारी सौंपे गए दायित्वों को जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि आदर्श आचरण संहिता की जानकारी सभी अधिकारी को होनी चाहिए। लोकसभा निर्वाचन कार्य के साथ आगामी त्यौहारों एवं पर्व में कानून व्यवस्था बनाए रखना है। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था के संबंध में किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं आनी चाहिए। धार्मिक स्थलों का उपयोग किसी भी रूप में चुनाव प्रचार-प्रसार के लिए नहीं किया जाएगा। आदर्श आचरण संहिता के साथ ही जिले में धारा 144 प्रभावशील हो गई है। उन्होंने कहा कि मतदान कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों के ठहरने की अच्छी व्यवस्था होनी चाहिए। मतदान केन्द्रों में पेयजल, प्रकाश, बाउंड्रीवाल, छांव, रैम्प, साफ-सफाई, उपचार सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं होनी चाहिए। उन्होंने सभा, रैली की अनुमति देने में विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने बताया कि पोस्टल बैलेट के अंतर्गत दिव्यांगजनों को होम वोटिंग की सुविधा प्रदान की गई हैं। ऐसे बुजुर्ग मतदाता जो मतदान केन्द्रों तक पहुंचने में सक्षम नहीं होंगे वे भी मतदान कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद कोलाहल नियंत्रण अधिनियम अंतर्गत रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक ध्वनि विस्तार यंत्र प्रतिबंधित रहेगा। उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई करें।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानन्द कुमार ने कहा कि जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 की प्रक्रिया को निर्भीक एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराना है। निर्वाचन का महत्वपूर्ण कार्य सजगता एवं सक्रियतापूर्वक करें। अवैध परिवहन, नगदी, शराब या अन्य नशे की सामग्री एवं अन्य सामग्री के परिवहन पर कड़ी नजर रखी जाए। जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने निर्वाचन कार्य को देखते हुए जिले में सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस बल के लिए रहने, पेयजल, प्रकाश सहित अन्य बुनियादी सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गौते, अतिरिक्त पुलीस अधीक्षक अविनाश सिंह ठाकुर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर. आर. दुबे, सभी एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार, जनपद सीईओ, सीएमओ सहित राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### आसमान में गुब्बारे छोड़ कर शत-प्रतिशत मतदान के लिए संदेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 30 मार्च।** मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत जिला मुख्यालय स्थित नगर भवन में बैलून स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे कलेक्टर के एल चौहान विशेष रुप से शामिल हुए। कार्यक्रम में महिला स्व सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं द्वारा आसमान में गुब्बारे छोडे गए। साथ ही उनके द्वारा आकर्षक रंगोलियों का भी निमार्ण किया गया जिसके माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। आसमान में गुब्बारे छोड़ने से पूर्व ही



कलेक्टर के एल चौहान ने सभी को शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलाया। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल, जनपद सीईओ मंडावी सहित पंचायत विभाग के जुड़े अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत बलौदाबाजार के द्वारा किया था।

# कोलिहा शाला में न्योता भोज का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 30 मार्च।** शास. पूर्व माध्यमिक शाला कोलिहा में विद्यालय की छात्रा कु. आकांक्षा कौशिक के जन्मदिवस पर प्रधानपाठक सुरेश डांडेकर एवं स्टाफ के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं के सहयोग से सभी छात्र छात्राओं को न्योता भोज कराया गया एवं कक्षा 8वी के छात्र छात्राओं का विदाई समारोह व विविध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। उक्त आयोजन में विद्यालय के शिक्षक नंदकुमार ध्रुव, कमलनारायण वर्मा, चित्रा साहू, योगेश कुमार ध्रुव, ओम प्रकाश साहू, नोहर सिंग ध्रुव, योगेश्वर ध्रुव, यादव सर, बसंत कुमार ध्रुव एवं देवदत्त ध्रुव का विशेष योगदान रहा।



### पंडित सुंदर लाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी के यूजी, पीजी, डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट कोर्स में प्रवेश जारी

**कोरबा, 30 मार्च।** प्रदेश के एक मात्र शासकीय ओपन युनिवर्सिटी में विभिन्न कोर्सों में प्रवेश के लिए आवेदन शुरू हो गया है। पं. सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय के विभिन्न कोर्सों में प्रवेश के लिए 31 मार्च 2024 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। मुक्त विश्वविद्यालय में बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए, एमए, एमएससी, पीजीडीसीए, डीसीए, पीजीडीवायएस, बी.लिब., साइबर लॉ, एवं लेबर लॉ, योग व रामचरित मानस जैसे कोर्सों में विद्यार्थी प्रवेश ले सकते हैं। पं. सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय के समन्वय सहायक ने बताया कि विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के सभी कोर्सों के बारे में विस्तृत जानकारी एवं दिशा-निर्देश ूण् चेवनणंबणपद वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है।

## समाचार संक्षेप

### अलग-अलग मामले में 280 लीटर कच्ची महुआ शराब के चार आरोपी गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 30 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा जिले में सभी प्रकार के नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान सृजन के तहत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश सिंह ठाकुर एवं एसडीओपी बलौदाबाजार निधी नाग के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी निरीक्षक अजय झा के निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में 29 मार्च को थाना सिटी कोतवाली से प्रआर. समीर शुक्ला, अंजोर सिंह मांझी आरक्षक देव निराला, मोहन मेश्राम, मेघनाथ साहू, अकरम मोह0, एवं सायबर सेल से प्र.आर 174 आर 157, 762 एवं 973 मआर. उकेश्वरी साहू, अंजुला पैकरा एवं पेट्रोलिंग स्टाफ की टीम द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 04 शराब कोचियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से कुल 280 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब किमती ?56, 000 एवं घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल हीरो हीरो ।।स्न डीलक्स क्र ष्ल04-स्क्र-4460 किमती ?10, 000 जुमला किमती ?66, 000 जप्त किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में क्रमशः अपराध क्र. 244/2024, 245/2024, 246/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम प्रेमचंद बंजारे पिता सहेत्तर बंजारे उम्र 42 साल साकिन सतनामी पारा ग्रह रिसदा थाना सिटी कोतवाली। पुनित राम बंजारे पिता स्व. तुलाराम बंजारे उम्र 60 साल साकिन ग्राम धनगांव। राकेश कुमार घृतलहरे पिता उमेंद राम 23 साल निवासी ग्राम दशरमा। चन्द्रिका टंडन पिता स्व गणेश टंडन 28 साल निवासी दशरमा रोड बलौदाबाज़ार है।

### करहीबाजार से देशी प्लेन शराब के साथ आरोपी पकड़ाया

**बलौदाबाजार, 30 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ''अभियान सृजन'' के तहत पुलिस उप महानिरीक्षक एवम् वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा जिले में सभी प्रकार के नशे के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है, उक्त निर्देशों के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर अनुविभागीय अधिकारी निधी नाग के मागर्दशन एवं थाना प्रभारी सिटी कोतवाली बलौदाबाजार अजय झा के कुशल निर्देशन चौकी प्रभारी करहीबाजार नवीन शुक्ला के नेतृत्व में पुलिस चौकी करहीबाजार द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है इसी क्रम में 29 मार्च को अवैध जुआ शराब सट्टा रेड कार्यवाही अभियान दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस चौकी करहीबाजार से प्र.आर.हितेंद्र सोनी, संतोष प्रसाद, आर. खुमान साहू, टिकेश्वर गायकवाड, वेदप्रकाश मरावी, दीपक कुर्रे द्वारा ग्राम करहीबाजार मे अवैध रूप बिक्री करने रखे आरोपी को गिरफ्तार किया गया आरोपी के कब्जे से कुल 6.840बल्क देशी प्लेन शराब जप्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध पुलिस चौकी करहीबाजार थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार में अपराध क्रमांक 247/24 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय न्यायिक रिमांड हेतु रवाना किया गया।



**न्यायालय तहसीलदार तहसील पिपरिया जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**
**ईकोर्ट क. ब/121 वर्ष 2023-24**
**ग्राम- पालीगुढ़ा प.ह.नं. 02**

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहन धुर्वे पिता नवल धुर्वे जाति गोंड़ निवासी ग्राम पालीगुढ़ा तहसील पिपरिया जिला कबीरधाम द्वारा स्वयं के जन्म प्रमाण पत्र शासकीय कार्य में आवश्यकता पड़ने से जारी कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आवेदक के मोहन धुर्वे का जन्म दिनांक 12/02/2005 को ग्राम पालीगुढा में हुआ है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में नियत समय व तिथि तक दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 19/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।

**पेशी दिनांक-04/04/2024**

मुहर

**तहसीलदार**
**पिपरिया**

**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं स्वस्ति शुक्ला निवासी 405, मिलेनियम चौक रोड, सुन्दर नगर, रायपुर, छ.ग. पिन 492013 यह शपथ करती हूं कि मेरे पिता का नाम त्रुटिवश जहां कहीं भी सुरेंद्र शुक्ला लिखा है आज से समस्त शासकीय/अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में सुरेंद्र कुमार शुक्ला से ही जाना जावे।

**स्वस्ति शुक्ला**
**405 मिलेनियम चौक रोड**
**सुन्दर नगर रायपुर**
**जिला-रायपुर छ.ग.**
**पिन-492013**

### जिले में चलाया गया सघन कुष्ठ खोज अभियान

# 11 सौ संदेहास्पद मरीजों की हुई पहचान, दी गई स्वास्थ्यगत सलाह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 30 मार्च।** कलेक्टर के एल चौहान के निर्देश पर जिले में सघन कुष्ठ खोज अभियान (द्वितीय चरण) का कार्य सम्पन्न हुआ। अभियान के दौरान 11 सौ संदेहास्पद मरीज पाए गए जिन्हें आगे की जांच और आवश्यकता पड़ने पर उपचार के लिए उच्च संस्था रिफर किया गया है। इसमें विकासखंड बलौदाबाज़ार में 327, भाटापारा में 386, कसडोल में 83, पलारी में 176, तथा सिमगा में 128 संदेहास्पद मिले हैं। इसके बारे में जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर ने बताया की अभियान होली से पूर्व समाप्त किया गया। जिसमें मितानिनों द्वारा घर-घर भ्रमण कर लक्षण के आधार पर सन्देहास्पद मरीजों की पहचान की गई उसके बाद उनका एक बार पुनःअवलोकन ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक और एनएमए के द्वारा किया गया। आगे की जाँच और उपचार हेतु उन्हें नजदीक के उच्च चिकित्सा संस्था रिफर किया गया है। जहां बीमारी पाए जाने की दशा में उपचार आरंभ किया जाएगा। राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ कल्याण कुरुवंशी के अनुसार कुष्ठ एक संक्रामक रोग है जो माइक्रो बक्टेरियम लेप्री नामक जीवाणु से होता है। इससे संक्रमित व्यक्ति में लक्षण लंबे समय बाद प्रकट होते हैं। तैलीय लाल धब्बे, त्वचा में सुन्नपन, भौहों और नाकों की विकृति, हाथ पैर में विकृति, पैरों में दर्द रहित छाले, आखों की नसों में तकलीफ ये कुछ लक्षण हैं जो कुष्ठ की ओर इशारा करते हैं। जांच कर के इसका उपचार किया जाता है।

एम डी टी की दवाई जो 6 से 12 माह तक चलती है उसके सेवन से कुष्ठ ठीक हो जाता है। जिला सलाहकार श्वेता शर्मा के अनुसार जिले में वर्तमान में कुष्ठ के 234 मरीज उपचाररत हैं। मरीज अपनी देखभाल अच्छे से कर सकें इसके लिए समय समय पर पीओडी (प्रिवेंशन ऑफडिफार्मिटी) कैम्प भी लगाए जाते हैं जिसमें जल तेल उपचार सहित विशेष चप्पल भी दी जाती है। अंगों की विकृति ठीक करने हेतु आवश्यकता पड़ने पर सर्जरी भी की जाती है। कुष्ठ के मरीज के साथ किसी प्रकार का भेदभाव नहीं करना चाहिए।



# स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान कराने होगी लाइव वेबकॉस्टिंग

- भारत निर्वाचन आयोग ने दिए दिशा निर्देश, मतदाताओं की संख्या में हुई वृद्धि

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 30 मार्च।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव निष्पक्ष एवं स्वतंत्र रूप से कराने के लिए राज्य के 50 प्रतिशत मतदान केंद्रों में मतदान दिवस को लाइव वेब कास्टिंग कराई जाएगी ताकि प्रत्याशी, चुनाव एजेंट एवं अन्य चुनाव में संलग्न अधिकारियों की सभी शिकायतें तत्काल दूर कर दी जाए। लोकसभा निर्वाचन 2019 से मतदाताओं की संख्या में 15 लाख 14 हजार 13 की वृद्धि हुई है।

छत्तीसगढ़ राज्य के कुल 11 लोकसभा क्षेत्रों में 24109 मतदान केंद्र एवं 120 सहायक मतदान केंद्रों सहित 24229 मतदान केंद्र है। शहरी क्षेत्र में 3221 तथा ग्रामीण क्षेत्र में 17730 मतदान केंद्र स्थित है। राज्य के सभी मतदान केंद्रों में रैम्प, पेयजल, विद्युत, प्रकाश, शौचालय इत्यादि की व्यवस्था कर ली गई है। आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक केन्द्र में मतदाता सहायता केंद्र का निर्माण किया जाएगा। राज्य में लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 10 संगवारी मतदान केंद्र होंगे जो महिला मतदान दल द्वारा संचालित होंगे। पांच आदर्श मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। प्रत्येक विधानसभा में एक दिव्यांग संचालित मतदान केंद्र एवं एक युवा संचालित मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। इस प्रकार राज्यभर में इस बार कुल 900 संगवारी मतदान केंद्र, 450 आदर्श मतदान केंद्र, 90 दिव्यांगजनों द्वारा संचालित केंद्र बनाए जाएंगे। मतदान केंद्रों में बुजुर्गों तथा दिव्यांगों की सहायता हेतु मतदाता मित्र होंगे।

### प्रत्येक केंद्र में होंगे 1500 मतदाता

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशानुसार एक मतदान केंद्र में मतदाताओं की संख्या 1500 रखी गई है। लोकसभा आम निर्वाचन 2019 के दौरान छत्तीसगढ़ में मतदान केंद्रों की संख्या 23771 थी। जिसमें 44 सहायक मतदान केंद्र सम्मिलित थे। इस बार 120 मतदान केंद्रों को सहायक मतदान केंद्र बनाया गया है। भारत निर्वाचन आयोग स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए 50 प्रतिशत से अधिक मतदान केंद्रों में मतदान दिवस को लाइव वेबकास्टिंग से जोड़ दिया जाएगा। इसके अंतर्गत चुनाव एजेंट, पोलिंग ऑफिसर के सामने ईवीएम की आवश्यक प्रक्रिया संचालित करेंगे।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी कार्यालय इस पूरी प्रक्रिया का निरीक्षण करेगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इसकी निरंतर मॉनिटरिंग की जाएगी। मतदान सम्पन्न होने के बाद ईवीएम सील करने के अलावा अन्य औपरिकताएं भी वेबकास्टिंग के माध्यम से कराई जाएगी। इसके लिए अभ्यर्थी, चुनावी एजेंट एवं मतदान दल अधिकारियों को बिन्दुवार जानकारी देना होगा।

## सक्षम - साधर्मिक भाई-बहनों के सशक्तिकरण का व्यापार मेला

**रायपुर 30 मार्च।** विमल विंग्स भैरव सोसायटी द्वारा साधर्मिक भाई बहनों के व्यावसायिक सशक्तिकरण व उत्थान के उद्देश्य से जैन दादाबाड़ी , एम जी रोड़ में 30 - 31 मार्च को सक्षम व्यापार एग्जिबिशन का आयोजन किया गया है । व्यापार मेला में छत्तीसगढ़ से 60 से ज्यादा उद्यमी अपने स्टॉल लगा रहे हैं । विमल विंग्स की ममता सुराना ने बताया कि प्रोत्साहित करने के लिए सभी उद्यमियों को स्टॉल नि:शुल्क दिए जा रहे हैं । सक्षम में महिलाओं के सर्वाइकल कैंसर व ब्रेस्ट कैंसर की जांच विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा की जावेगी । बच्चों के लिए मेकअप शो रखा गया है । सक्षम का आकर्षण मूक बधिर बच्चों के उत्थान हेतु तम्बोला गेम रखा गया है । सक्षम में भाग लेने के लिए रायपुर , दुर्ग , भिलाई , राजनांदगांव , धमतरी , कांकेर , जगदलपुर , राजिम , महासमुंद , भाटापारा आदि पूरे छत्तीसगढ़ से उधमी अपने प्रोडक्ट के स्टॉल एक ही छत के नीचे लगा रहे हैं । उधमियों के आवास भोजन की व्यवस्था विमल विंग्स द्वारा की जा रही है । सक्षम का उद्घाटन सांसद सुनील सोनी करेंगे । तम्बोला आयोजन के अवसर पर रायपुर पश्चिम के विधायक व पूर्व मंत्री राजेश मूणत विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे ।



## दिनदहाड़े घर के बाहर हंसिया और चाकू से युवक पर हमला

**रायपुर 30 मार्च।** राजधानी रायपुर के आजाद चौक थाना क्षेत्र में दो बदमाशों ने दिनदहाड़े घर के बाहर युवक पर हंसिया और चाकू से हमला कर दिया। युवक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया गया। पुलिस ने आरोपित मुकेश निषाद और शकीब पर मारपीट सहित अन्य धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। घायल प्रकाश यादव निवासी रामसागरपारा पुरन दाल मिल गली ने पुलिस को बताया कि वह सेलटेक्स आफिस राजभवन के पास में भृत्य का काम करता है। शुक्रवार सुबह 10 बजे आफिस जाने के लिए घर से निकला। इसी दौरान मोहल्ले में ही रहने वाले मुकेश निषाद और शकीब आए और पुराने विवाद को लेकर गाली-गलौज करने लगे। प्रकाश ने गाली-गलौच देने से मना किया तो दोनों जान से मारने की धमकी देकर हाथ-मुक्का से मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद आरोपितों ने अपने पास रखे हंसिया से हमला किया। प्रकाश की गर्दन में लग गई।

## बैंकों एवं डाकघरों में खाताधारकों की भीड़

- एफडी तथा अन्य कागजी कार्रवाई करने लोग सक्रिय
- डाकघरों में आयकर से छूट लेने खरीद रहे विभिन्न बांड्स

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 30 मार्च।** बैंक, डाकघरों तथा आयकर सलाहकारों के यहां अंतिम वित्तीय माह में भारी भीड़ लगी हुई है। इस समय टीडीएस, एफडी के रेट ऑफ इंट्रेस्ट सहित अन्य बैंकिंग कार्रवाई को लेकर बैंक स्टाफ जहां उलझा हुआ है वहीं आम ग्राहकों को भी आयकर बचाने के लिए विभिन्न बांड्स खरीदने पड़ रहे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार अंतिम वित्तीय माह होने के कारण शासकीय कर्मचारियों, व्यापारियों तथा अन्य कामकाजी लोगों को आय का हिसाब देना पड़ रहा है। आयकर विभाग ने मार्च महीने की सीमा को समाप्त कर दिया है। इस समय बैंक में सभी खाता धारक अपने खाते की शीट मंगवाकर चेक कर रहे हैं। डाक घर में इंदिरा विकास पत्र सहित अन्य बांड तेजी से खरीदे जा रहे हैं। 80सीसी की धारा के तहत इसमें आयकर से छूट प्रदान की जाती है। किसान विकास पत्र सहित एलआईसी की पालिसियों एवं हाउसिंग लोन में भी छूट दी जाती है। इसलिए शासकीय कर्मचारी भी अपना हिसाब करवा रहे हैं।

आयकर विक्रय कर सलाहकार इस समय जीएसटी के फॉर्म भर रहे हैं। जीएसटी के लिए आावश्यक सेवा में उपयोग होने वाले सर्वर डाउन होने से परेशानी हो रही है। राज्य की वित्तीय स्थिति अच्छी नहीं है। इसलिए जीएसटी की वसूली के लिए काफी दबाव डाला जा रहा है जिसके तहत गुटखा फैक्ट्री सहित अन्य संस्थानों में छापे मारे जा रहे हैं। राज्य को पंजीयन विभाग से 10 हजार करोड़ मिलने की संभावना है। वहीं जीएसटी से 15 हजार करोड़ मिलेगा। इसके अलावा खनिज रॉयल्टी, तेंदूपत्ता खरीदी से भी आय संभावित है।

राज्य शासन का वित्त विभाग बालको, भिलाई स्टील प्लांट तथा डब्ल्यूसीएल सहित अन्य केंद्रीय संस्थाओं से राज्य की राशि लेने के लिए प्रयासरत है। राज्य को प्रॉपर्टी टैक्स के रूप में भी एक बड़ी राशि प्राप्त हो रही है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के निर्देशानुसार 31 मार्च को भी बैंक खुले रहेंगे। वित्तीय बजट एक अप्रैल से लागू होगा इसलिए सभी विभागों में बिल बनाकर राशि निकाली जा रही है। बजट शाखा में सभी बिल पेंडिंग है।



















कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26